आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

नये जमाने के साथ ...

यश भारत

● वर्ष- 16 अंक 350 ● कटनी ● मंगलवार, 24 जनवरी, 2023 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● माघ शुक्ल पक्ष 3 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935

गुजरात में ट्रक और कार की टक्कर, 4 लोगों की मौत, दो घायल

नवसारी, ईएमएस। गुजरात के नवसारी जिले में एक कार और कंटेनर ट्रक की टक्कर हो गई। हादसे में कार सवार चार लोगों की मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, घायलों को इलाज के लिए सूरत के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पैरोल पर छूटे राम रहीम ने तलवार से केक काटा

हिसार,ईएमएस। सिरसा स्थित डेरा सच्चा सौदा चीफ राम रहीम पैरोल पर बाहर आते ही सुर्खियां बटोरने लगा। राम रहीम ने सोमवार को तलवार से केक काटा। मौका था डेरे के दूसरे संत शाह सतनाम के जन्मदिन का। उसी को राम रहीम ने अपनी गद्दी सौंपी थी। केक काटने का वीडियो बागपत स्थित बरनावा डेरे का है। यह वीडियो वायरल हो गया है। रेप और हत्या का दोषी राम रहीम रोहतक की सुनरिया जेल में 20 साल की सजा काट रहा है।

हनुमानताल के मक्कानगर में भीषण अग्निकांड

मां बेटी ने तोड़ा दम, आधा दर्जन को बचाया

जबलपुर, यशभारत। हनुमानताल के मक्कानगर गली नंबर सात में एक गद्दा गोदाम में आज अचानक आग में झुलसने से एक बच्ची और उसकी माँ की दर्दनाक मौत हो गयी। आग लगने की सूचना के बाद मौके पर पहुंचा ननि अमले ने आग पर बमुश्किल काबू पाया। अग्निकांड के दौरान गोदाम की दूसरी मंजिल पर करीब आधा दर्जन लोग फंसे थे, जिन्हें सकुशल बाहर निकाल लिया गया। वहीं, धुंए के उठ रहे गुबारों को देखकर लोग सकते में आ गए और देखते ही देखते घटना स्थल पर लोगों का जमावड़ा लग गया। हादसे की खबर पाकर महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू , विधायक लखन घनघोरिया समेत अन्य जनप्रतिनिधि और एसडीएम ऋषभ जैन मौके पर पहुंचे और पीड़ितों को ढांढस बंधाया। वहीं, बचाव दल, पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया। इस हादसे ने एक बार फिर दमोहनाका स्थित लाइफ मल्टीनेशनल अस्पताल में हुए अग्निकांड की यादें ताजा कर दीं। थाना प्रभारी उमेश गोल्हानी ने बताया कि मक्कानगर में दर्दनाक अग्निकांड हादसा हो गया। जिसकी जांच जारी है। जिसमें एक बच्ची और उसकी मां की आग में जलने से मौत हो गयी। बाकी अन्य लोग छत में फंसे थे जिन्हें निकाल लिया गया है। जानकारी के मुताबिक असलम मंसूरी का मक्का नगर में गद्दा बनाने का कारखाना था जहां पर कि 25 साल की नगीना अपनी 5 साल की बेटी हिना को लेकर काम करने पहुंची थी। नगीना गद्दा बनाने का काम कर रहीं थी और पास में ही उसकी बेटी खेल रहीं थी कि अचानक ही आग लगी और ऊपर का कमरा जहां पर कि गद्दे रखें थे उसे आगोश में ले लिया। देखते ही देखते आग तेजी दे फैली और मां-बेटी की झुलस जाने से मौके पर ही मौत हो गई। कारखाना में आग लगते ही स्थानीय लोगों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी पर दमकल वाहन करीब एक घंटे बाद पहुंचा तब तक स्थानीय लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया पर वह नाकाफी था। आग लगने के वास्तविक कारणों का बालों का अभी पता नही चल पाया पर अंदेशा जताया जा रहा है कि शार्ट सर्किट से ही आग लगी है।

महापौर ने पीड़ितों को ढांढस बंधाया

मजदूरी करती थी मां

स्थानीय पार्षद मोहम्मद कलीम खान ने बताया कि मक्का नगर में गद्दा बनाने के कारखाना है जहां पर कि रोजाना 6 से 7 मजदूर काम करते है। पर आज सिर्फ नगीना उम्र 25 वर्ष अपनी 6 वर्षीय बेटी हिना को लेकर कारखाने पहुंची थी और काम कर रहीं थी तभी अचानक ही आग लग गई। थोड़ी ही देर में गद्दे धू-धूकर जलने लगी, आग इतनी तेज़ से फैली की मां-बेटी भाग नही पाए और जो गद्दा बना रहें थे उसकी ही जकड़ में गए नतीजन कुछ ही देर में मां नगीना और उनकी बेटी हिना जल गए। पार्षद का कहना है कि सूचना के बाद दमकल वाहन करीब 1 घंटे बाद पहुंचा।

लखन घनघोरिया ने कहा- तुरंत मुआवजे की करें व्यवस्था

वहीं घटना स्थल पहुंचे पूर्व मंत्री एवं विधायक लखन घनघोरिया ने कहा कि यह हृदय विदारक हादसा है। यदि आग शॉट सर्किट से लगी है तो विद्युत विभाग का कितना दोष है, यह निश्चित होना चाहिए और दोष पाए जाने पर उन पर कार्यवाही होना चाहिए। साथ ही पीड़ितों को तुरंत मुआवजा देकर राहत पहुंचाई जानी चाहिए।

जज भर्ती परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाएं नहीं होंगी सार्वजनिक

नई दिल्ली, एजेंसी। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को मध्य प्रदेश में जिला न्यायपालिका परीक्षा में बैठने वाले उम्मीदवारों की उत्तर पुस्तिकाएं सार्वजनिक करने के निर्देश देने वाली याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। प्रधान न्यायाधीश जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस वी रामासुब्रमण्यन और जस्टिस जेबी पारदीवाला की पीठ ने कहा कि इस तरह का कदम च्बेहद खतरनाकज् है और इसका दुरुपयोग होने की संभावना है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह बेहद खतरनाक होगा। इन कोचिंग क्लास के साथियों को उत्तर पुस्तिकाएं मिल जाएंगी। आप जो चाहें समझें, हम उत्तर पुस्तिकाएं नहीं दे सकते। पीठ ने कहा कि हम संविधान के अनुच्छेद 136 के तहत विशेष अवकाश याचिका पर विचार करने के इच्छुक नहीं हैं। विशेष अनुमति याचिका तदनुसार खारिज की जाती है। शीर्ष अदालत एनजीओ एडवोकेट यूनियन फॉर डेमोक्रेसी एंड सोशल जस्टिस द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी। याचिका में जिला न्यायपालिका परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं को अपलोड करने और न्यायिक अधिकारियों की भर्ती में पारदर्शी प्रक्रिया अपनाने के निर्देश देने की मांग की गई थी। याचिका में कहा गया है कि अधीनस्थ न्यायालयों में सिविल जजों और अतिरिक्त जिला जजों की नियुक्ति के लिए चयन प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और निष्पक्ष होनी चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट ने बताया खतरनाक

बागेश्वर धाम के धीरेंद्र शास्त्री को हत्या की धमकी...

खजुराहो/ छतरपुर,एजेंसी। बागेश्वर धाम के पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री को परिवार सहित जान से मारने की धमकी मिली है। धमकी अमर सिंह नाम के व्यक्ति ने उनके चचेरे भाई को फोन पर दी। उसने कहा- धीरेंद्र शास्त्री की परिवार सहित तेरहवीं की तैयारी कर लो। बमीठा पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि जिस शख्स ने धीरेंद्र शास्त्री के परिवार को धमकी दी है, उसका पता लगाया जा रहा है। उस मोबाइल नंबर को भी ट्रेस किया जा रहा है, जिससे लोकेश गर्ग को फोन किया गया था।

प्रदेश केबिनेट की बैठक में सागर को बड़ी सौगात

बीएमसी को मिली 85 सीटें बढ़ाने की स्वीकृत

भोपाल, यशभारत। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में महिला स्वयं सहायता समूह को 3 लाख रुपए तक की राशि पर ब्याज में 2 प्रतिशत अतिरिक्त अनुदान देने। सागर मेडिकल कॉलेज में पीजी की 85 सीट बढ़ाने और प्राथमिक शाला संविदा शिक्षक को प्रयोगशाला सहायक के रूप में प्रतिस्थापित किए जाने को स्वीकृति दी है। बैठक में कई अहम निर्णय लेने के साथ ही मुख्यमंत्री ने बताया कि 2 फरवरी को दिल्ली स्थित मध्य प्रदेश के नए भवन का लोकार्पण होगा। इस कार्यक्रम में सभी मंत्री उपस्थित रहेंगे। सरकार के प्रवक्ता और गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने बताया कि सागर मेडिकल कॉलेज में क्क्ष में 85 सीट बढ़ाने के लिए 101.46 करोड़ की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। नगरीय निकायों में अधोसंरचना निर्माण योजना की स्वीकृति के लिए योजना प्रारंभ की गई है। इस योजना की अवधि 2022-23 और 2023-24 दो वर्ष रहेगी। योजना के अंतर्गत कुल 800 करोड़ रुपए का व्यय रहेगा। इसमें 2022-23 के लिए 200 करोड़ रुपए बजट का प्रावधान है। बाकी 600 करोड़ रुपए का प्रावधान भी आज मध्य प्रदेश की कैबिनेट ने किया है। मिश्रा ने कैबिटन के निर्णय की जानकारी देते हुए बताया कि आजीविका मिशन और शहरी आजीविका मिशन में महिला स्वयंसहायता मिशन के महिला स्वयं सहायता समूह की 3 लाख रुपए तक के बैंक की ऋण की राशि पर अतिरिक्त 2 प्रतिशत राशि की पूर्ति की जाएगी। यह अभी 3 प्रतिशत सरकार देती थी। जनजातीय वर्ग के विद्यार्थियों की उच्च गुणवत्ता की शिक्षा प्रदान करने के लिए विशिष्ट आवासीय विद्यालयों, कन्या शिक्षा परिसरों तथा आदर्श आवासीय विद्यालयों को निजी सहभागिता संचालन के लिए अनुमोदन किया गया है। वहीं, कैबिनेट ने प्राथमिक शाला संविदा शिक्षक को प्रयोगशाला सहायक के रूप में प्रतिस्थापित किए जाने को स्वीकृति दी है। इससे अनुकंपा नियुक्ति में आ रही दिक्कतें दूर होगी। वहीं, महत्वपूर्ण सड़कों के बारे में भी निर्णय लिये गए है।

स्पाइसजेट फ्लाइट में क्रू मेंबर से बदसलूकी और छेड़खानी

आरोपी गिरफ्तार

नई दिल्ली,ईएमएस। दिल्ली से हैदराबाद जा रही स्पाइसजेट की फ्लाइट में बोर्डिंग के वक्त ही एक पैसेंजर और क्रू के बीच विवाद हो गया था। मामला सोमवार का था। अब दिल्ली पुलिस ने अबसार आलम नाम के इस शख्स को अरेस्ट कर लिया है। आलम पर फ्लाइट में महिला क्रू मेंबर से बदसलूकी और छेड़खानी करने के आरोप हैं।फ्लाइट से उतारे जाने के बाद स्पाइसजेट के सुरक्षा अधिकारी सुशांत श्रीवास्तव ने पीसीआर कॉल किया। इसके बाद पुलिस ने दिल्ली के जामिया नगर में रहने वाले अबसार आलम को गिरफ्तार कर लिया। आलम अपने परिवार के साथ हैदराबाद जा रहा था।रिपोर्ट्स के मुताबिक दिल्ली से हैदराबाद जा रहे एयरलाइन के विमान में बोर्डिंग के दौरान एक पैसेंजर ने एयर होस्टेस के साथ गलत व्यवहार किया। पैसेंजर को जब रोका गया तो उसने पूरे केबिन क्रू के साथ अभद्रता की। इसके चलते विमान में बोर्डिंग रोक दी गई। मामला बढ़ने पर केबिन क्रू ने पायलट और सिक्योरिटी स्टाफ को इसकी जानकारी दी।इसके बाद आरोपी और उसके साथी पैसेंजर को विमान से उतार दिया गया। दोनों को एयरपोर्ट सिक्योरिटी के हवाले कर दिया गया।

भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में मंथन

सांसद,विधायक जिला पंचायत अध्यक्ष शामिल

भोपाल, यशभारत। भोपाल के पुराने आरटीओ ऑफिस में बनाए गए भाजपा के अस्थाई प्रदेश कार्यालय परिसर में आज भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक हो रही है। इस बैठक में जिला पंचायत सदस्यों को पहली बार शामिल होने का मौका मिला है। सांसद, विधायक भी बैठक में शामिल हैं। इस बैठक में राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक में हुए फैसलों को निचले स्तर तक क्रियान्वित करने के लिए चर्चा होगी। इस बैठक में प्रदेश प्रभारी मुरलीधर राव, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद, प्रदेश सह प्रभारी रामशंकर कठेरिया, केन्द्रीय मंत्रीगण नरेन्द्रसिंह तोमर, वीरेन्द्र कुमार खटीक, ज्योतिरादित्य सिंधिया, प्रहलाद पटेल, फग्गन सिंह कुलस्ते विशेष रूप से उपस्थित हैं। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने बताया बैठक में अगले चुनाव की दृष्टि से रणनीति पर चर्चा की जाएगी। इसके साथ ही बूथ विस्तारक अभियान-2 को लेकर चर्चा होगी। कार्यसमिति में वर्तमान राजनैतिक परिस्थितियों पर राजनैतिक प्रस्ताव आयेगा। भारत को जी-20 देशों की अध्यक्षता मिलने पर वक्तव्य भी जारी किया जायेगा। पेसा एक्ट सहित जनजाति कल्याण को लेकर किए जा रहे कार्यो तथा जनजागरूकता के लिए चलाए गयी गौरव यात्राओं पर भी जानकारी दी जाएगी। यह बैठक ईको फ्रेंडली रहेगी। प्लास्टिक से निर्मित वस्तुओं का प्रयोग नहीं करने का प्रयास किया जायेगां बैठक में आने वाले सभी प्रतिभागियों का ई रजिस्ट्रेशन होगा। इस दृष्टि से इस बैठक में कई नवाचार किए जा रहे है।



अमेरिका में नहीं थम रही हैं गोलीबारी की घटनाएं

न्यूयार्क, एजेंसी। अमेरिका में गोलीबारी की घटनाएं नहीं थम रही है। खबर है कि तीन शहरों में हुई गोलीबारी की अलग- अलग घटनाओं में 8 लोगों की मौत हो चुकी है। आयोवा में एक स्कूल में हुई फायरिंग में 2 छात्रों की मौत हो गई। घटना में एक स्कूल टीचर भी घायल हुआ है। एजेंसी के मुताबिक, डेस मोइनेस के स्कूल में कार्यक्रम च्स्टार्ट्स राइट हियरज के दौरान इस वारदात को अंजाम दिया गया है। पुलिस के मुताबिक, फायरिंग के करीब 20 मिनट बाद एक कार से तीन संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है। जबकि एक आरोपी फरार हो गया। कैलिफोर्निया के हाफ मून ने इलाके में। एक दिन पहले ही हुई गोलीबारी की घटना में 11 लोगों की मौत हो गई थी। इधर सोमवार दोपहर को शिकागों के एक अपार्टमेंट में गोलीबारी की घटना हो गई। उस दौरान दो लोग की मौत और तीन अन्य के घायल होने की खबर है।

पहले ही वर्ष में लाखों लोगों की पसंद बना

अरुणोदय पंचांग

घर-घर का पंडित बना

अरुणोदय पंचांग

सूरत में कार चालक ने बाइक सवार को टक्कर मारी

फिर 12 किमी. तक घसीटा, हड्डियां बाहर निकलीं पीछे चल रहे युवक ने बनाई वीडियो

सूरत, ईएमएस। सूरत में एक कार चालक ने बाइक सवार दंपती को टक्कर मार दी। पत्नी सड़क पर गिर गई, जबकि पति कार के नीचे फंस गया। कार चालक ने उसे करीब 12किमी. तक घसीटा। उसका शव अगले दिन क्षत-विक्षत हालात में मिला। रगड़ के कारण युवक की हड्डियां भी दिखाई दे रही थीं। इस घटना का एक वीडियो सामने आया है, जिसके चलते पूरे मामले का खुलासा हुआ। हालांकि, आरोपी फरार है। यह वीडियो हादसे के समय कार के पीछे चल रहे युवक ने बनाया था।सूरत जिले के पलसाना तालुका के तंतिठिया गांव के बाहरी इलाके में बीते बुधवार को बाइक सवार सागर पाटिल (24) और उसकी पत्नी अश्विनी को एक लग्जरी कार ने टक्कर मार दी। अश्विनी उछलकर सड़क पर गिर गई, जबकि उसके पति का कुछ पता नहीं चला। अगले दिन सागर का शव हादसे वाली जगह से 12किमी. दूर मिला।पुलिस ने पूरे मामले की जांच की, लेकिन आसपास कोई सीसीटीवी या कैमरा नहीं होने के कारण आरोपी का कोई पता नहीं चल सका। घटना के दो दिन बाद इस मामले में एक युवक सामने आया और पुलिस को वीडियो दिखाया। इसके जरिए पुलिस आरोपी के घर पहुंची और कार की पुष्टि की। आरोपी चालक फरार है। वीडियो रिकॉर्ड करने वाले युवक ने बताया कि वह कामराज के कोसमड़ी गांव से सूरत आ रहा था। उसके आगे एक कार चल रही थी। सड़क पर स्पीड ब्रेकर जैसा कुछ आया।

सागर की पत्नी बोलीं- पति को बहुत ढूंढा, लेकिन नहीं मिले

सागर की पत्नी अश्विनी पाटिल अस्पताल में भर्ती है। उन्होंने बताया- मैं मौसी के घर गई थी। पिछले बुधवार को मेरे पति मुझे वापस ले जाने के लिए आए। दोनों रात करीब 10 बजे बाइक से सूरत आ रहे थे। तभी अचानक पीछे से कार ने टक्कर मार दी और मैं गिर गई। आनन-फानन में आसपास के लोग भी आ गए। मैंने सागर को सड़क पर बहुत ढूंढा, लेकिन अंधेरा होने के कारण वह नहीं मिले।

ट्रेन निकलने का इंतजार घंटो बर्बाद

स्लीमनाबाद अंतर्ग सलैया फाटक ही नहीं कई रेल गेट पर है यह समस्या

कटनी, यशभारत। कटनी में कई ऐसे रेल फाटक अभी भी मौजूद हैं जहां लोग अपना समय घंटों बर्बाद करते हैं। स्लीनाबाद अंतर्गत सलैया फाटक इन्हीं में से एक है। यहां न तो ओव्हर ब्रिज है न ही अंडर ब्रिज नतीजा लोग फाटक बंद रहने पर लंबी कतार में लग जाते हैं सलैया रेलवे फाटक के अंडर ब्रिज न होने से लोगों को परेशानियां हो रही है। ऐसे में रेलवे गेट बंद होने के बाद यहां जाम की स्थिति बन जाती है। हर दिन करीब 8 से 10 बार यहां जाम लगता है। कई बार तो जाम ऐसा लगता है कि आधे घंटे में ही खुल पाता है। ऐसे में गेट के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं। यह स्थिति आए दिन बनती है। रेलवे गेट पर बार-बार लगने वाले जाम से निजात पाने के लिए कई सालों से ब्रिज की मांग उठ रही थी लेकिन ब्रिज निर्माण शुरु नहीं हो सका।

कई वर्षों से यहां यही स्थिति बनी हुई है। इससे लोग परेशान हो रहे हैं। ट्रेनों की आवाजाही के कारण सलैया गांव स्थित रेलवे फाटक अक्सर बंद रहता है। फाटक बंद रहने से आम लोगों व वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस रोड पर ट्रकों की आवाजाही दिन-रात चलती रहती है। लेकिन रेलवे फाटक अक्सर बंद रहने से ट्रकों की कतारे लग जाती हैं। इससे न केवल ट्रैफिक जाम की समस्या पैदा होती है, बल्कि लोगों को आने-जाने में भी परेशानी होती है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि यहां पर ब्रिज बनाया जाना चाहिए। फाटक बंद होने से रेलवे फाटक पर वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं और वाहन चालकों का समय खराब होता है। यदि इस फाटक पर ब्रिज का निर्माण हो जाए तो इस क्षेत्र में उद्योग आदि का विकास हो सकता है। स्थानीय लोगों ने बताया कि कई बार यहां पर यह स्थिति बनती है। कई बार लोगों ने ब्रिज निर्माण की मांग की लेकिन इस समस्या का समाधान नहीं हो सका।पाए थे।

बाइकों की आमने सामने भिड़ंत, एक गंभीर कटनी रिफर

कटनी, यशभारत। कटनी के जिले के समीप रैपुरा थाना अंतर्गत दमोह रोड़ पेट्रोल पंप के पास शाम 07 बजे दो बाइक की आमने-सामने भिड़त में 03 लोग घायल हो गए है। घायलों में अफरोज पिता सुजान खांन उम्र 19 वर्ष, नरेश पिता जाहर उम्र 17 वर्ष एक बाइक में सवार थे जबकि दूसरी बाइक में राजेन्द्र पिता अन्नू कुचवधिया उम्र 28 वर्ष सवार था। प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनों बाइक सीधे आमने-सामने भिड गई जिससे बाइक चालकों व सवारों को चोटें आई। जिससे अफरोज खान को गले, नरेश को सिर पर एवं राजेन्द्र को हांथ पैर में चोट आई हैं। वहीं अफरोज खान गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे है जिन्हें रैपुरा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में प्राथमिक उपचार करने के उपरांत डॉ. एम.एल. चौधरी ने जिला चिकित्सालय कटनी के लिए रेफर कर दिया है।

कटनी के कलाकार गणतंत्र दिवस पर पन्ना में करेंगे प्रतिभा का प्रदर्शन

कटनी, यशभारत। कटनी के कलाकार पन्ना में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। मौका है गणतंत्र दिवस का। गणतंत्र दिवस 26 जनवरी की संध्या पर स्थानीय टाउन हॉल पन्ना में भारत पर्व का आयोजन किया जाएगा। स्वराज संस्थान संचालनालय भोपाल द्वारा पन्ना में भारत पर्व की प्रस्तुति के लिए सागर और कटनी से कलाकार भेजे जाएंगे। सागर के सुधीर तिवारी के 15 सदस्यीय दल द्वारा लोकनृत्य बधाई और कटनी की उमा बहरे के 13 सदस्यीय दल द्वारा लोकगायन की प्रस्तुति दी जाएगी।

कोहरे और ठंड से मिली राहत

दो दिनों में अप्रत्याशित ढंग से बदला मौसम का मिजाज, चुभने लगी धूप

कटनी, यशभारत। राजस्थान में पश्चिमी विक्षोभ के कारण शहर का मौसम तीन दिनों से बदला हुआ था। दो दिन पहले हुई हल्की बारिश के बाद आसमान में बादल छाए दिनभर सूर्य के लुका-छिपी का खेल चलता है। रविवार की सुबह हर दिन की अपेक्षा शहरवासियों के लिए एकदम अलग रही। मौसम में गुनगनी ठंड के साथ पूरा शहर सुबह नौ बजे तक कोहरे के आगोश में ढंका रहा। हवा की रफ्तार कम होने के कारण नौ बजे के बाद तक कोहरा छाया रहा। स्थिति यह बनी की दृश्यता 20 मीटर तक भी नहीं थी। 15 मीटर के बाद लोग नजर नहीं आ रहे थे। लेकिन आज की सुबह एक दम अलग नजर आई। न सिर्फ कोहरे में कमी थी वरन तापमान में अप्रत्याशित बदलाव दिखा। धूप तेज लगने लगी। लोगों को गर्मी का अहसास हुआ। रात से ही मौसम का मिजाज बिल्कुल बदल गया था। कंपकापती ठंड से राहत मिली। उधर मौसम विभाग का कहना है कि यह राहत आगे भी जारी रहेगी। अब ठंड की बिदाई का समय आ गया है। आने वाले सप्ताह में बारिश की संभावना तो जरूर है लेकिन अब लोगों को ठंड से बचने के उपाए नहीं ढूंढने पड़ेंगे। मौसम में बसंती अहसास शुरू हो गया है। दक्षिण से आने वाली हवाओं ने मौसम का बदला है। मौसम विभाग के अनुसार दक्षिण दिशा की ओर से हवा आ रही है। समुद्र की ओर से हवा आने के कारण ठंड कम हो गई है। राजस्थान में बने पश्चिम विक्षोभ के कारण यहां पर भी लोकल सिस्टम बना। जिसके कारण हल्की बारिश और बादल छाए हुए हैं। मौसम विभाग के अनुसार दो दिन अभी और बादल छाए रहने के पूरे आसार हैं। बादल छाए रहने के कारण सामान्य से तापमान एकदम ऊपर चला गया है। रविवार को दिन का तापमान 29.4 डिग्री और दिन का तापमान 13.5 डिसे दर्ज किया गया।

प्रतियोगिताओं में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

जन शिक्षा केन्द्र वेंकट वार्ड द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

कटनी, यशभारत। स्कूली छात्रों की प्रतिभाओं को सामने लाने एवं उन्हें एक मंच प्रदान करने के उद्देश्य से राज्य सरकार के निर्देश पर समय-समय पर विभिन्न कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में जन शिक्षा केन्द्र वेंकट वार्ड कटनी के अंतर्गत शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला नदीपार कटनी द्वारा जन शिक्षा केन्द्र के अंतर्गत आने वाली 12 माध्यमिक शालाओं के बच्चों के बीच विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयेजन किया गया, जिसमे सभी शालाओं से लगभग 70 छात्र-छात्राओं ने प्रतियोगिता में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के निर्णायक की भूमिका शलाओं के शिक्षकों द्वारा निभाई गई। विगत 20 जनवरी को सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता एवं रंगोली प्रतियोगिता, 21 जनवरी को तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता एवं वाद विवाद प्रतियोगिता का आयेजन किया गया। प्रतियोगिताओं में सम्मिलित छात्र-छात्राओं का स्वागत आयोजनकर्ता शाला के छात्रों द्वारा गुलाब के पुष्प भेंटकर किया गया। आयोजनकर्ता शाला द्वारा निर्णायक की भूमिका का निर्वहन कर रहे शिक्षकों को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए स्वागत किया गया। शाला की वरिष्ठ शिक्षिका कविता जैन ने बताया गया कि शाला के प्रधान अध्यापक की प्रेरणा से शाला के शिक्षकों ने मिलकर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया तथा शीघ्र ही स्पर्धा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त छात्रों को शाला की ओर से पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

कटनी के युवक बिलासपुर में खपा रहे थे गांजा, पुलिस ने पकड़ा, हो रही जांच

कटनी, यशभारत। कटनी के युवक बिलासपुर में गांजा बेचने की फिराक में पकड़े गए। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर तारबाहर और आरपीएफ की संयुक्त टीम ने घेराबन्दी कर दस किलो गांजा के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए दोनो आरोपी कटनी मध्यप्रदेश के रहने वाले हैं। बरामद गांजा की कीमत करीब 50000 रुपयो से अधिक है। दोनो ही आरोपियों को एनडीपीस 20 (बी) के तहत न्यायिक रिमाण्ड पर जेल दाखिल कराया गया है। पुलिस को सूचना मिली कि दो व्यक्ति गांजा लेकर ट्रैन से बिलासपुर पहुंच रहे हैं। खबर के बाद आरपीएफ के सहयोग से टीम तैयार कर आरोपियों पर नजर रखा गया। पार्सल यार्ड के सामने हुलिया के आधार पर दोनो की घेराबंदी किया गया। पूछताछ के दौरान दोनो ने अपना नाम अनुराग राव और रोहिणी पटेल बताया। आरोपियों ने बताया कि वह कटनी के रहने वाले हैं। केसिंगा ओडिशा से बिलासपुर घूमने आए हैं। दोनो के बैग की तलाशी लेने पर 7 अलग अलग पैकेट मे कुल दस किलो गांजा बरामद किया गया। बरामद गांजा की कीमत करीब 50000 रुपयों से अधिक है। दोनो आरोपियो को एनडीपीएस एक्ट 20बी एन.डी.पी.एस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गकया।

कार्यालय कलेक्टर (खनिज–शाखा) कटनी, मध्यप्रदेश

E-mail ID :- modgmkat@mp.gov.in

कमांक3091/खनिज/उ0प0/2022, कटनी, दिनांक - 30/12/2022

//सूचना//

(म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18 –क)

यह सूचित किया जाता है कि, आवेदक मेसर्स/श्री/श्रीमती **मेंसर्स जखोदिया मिनरल्स प्रा0 लि0,184, समता कालोनी रायपुर (छ.ग.)** के द्वारा म0प्र0 गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18–क के तहत उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक **22.12.2022** को प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत आवेदन पत्र का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है–

आवेदन का संक्षिप्त विवरण

जिला	तहसील	ग्राम	खसरा नंबर	रकबा (हे0 में)	भूमि का प्रकार निजी/अन्य भूमिस्वामी की सहमति प्राप्त	खनिज का नाम	रिमार्क
1	2	3	4	5	6	7	8
कटनी	बड़वारा	अमगवां	21	3.500	अन्य भूमिस्वामी की भूमि	डोलोमाइट	
			22	3.250			
			24	5.050			
			25	0.970			
			योग–	12.770 हे0			

उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो अथवा इस संबंध में कोई अन्य दावा प्रस्तुत करना चाहता है तो इस सूचना के प्रकाशित होने की तारीख से 30 दिवस के भीतर कार्यालय कलेक्टर, (खनिज शाखा) जिला कटनी में आपत्ति का लेख/कारण दर्शाते हुये लिखित रूप से प्रमाण सहित प्रस्तुत करे।

नियत अवधि के उपरांत प्रस्तुत किसी भी आपत्ति/दावे पर विचार नही किया जाएगा।

प्रभारी अधिकारी
(खनिज शाखा)
जिला–कटनी म.प्र.

G-21976/22

कार्यालय अधीक्षक जिला जेल कटनी मध्यप्रदेश

क्रमांक 22 / निर्वाह / 2023 कटनी, दिनांक 09/01/2023

पंचम वार्षिक ई – निविदा आमंत्रण सूचना
वार्षिक ठेका वर्ष 2022–23

समस्त पंजीकृत एवं प्रतिष्ठित व्यापारियों को सूचित किया जाता है कि जेल मुख्यालय भोपाल के पत्र क्रमांक 18257 / निर्वाह / 2022 भोपाल दिनांक 28.10.2022 के परिपालन में वर्ष 2022–23 मे जिला जेल कटनी मे परिरूद्ध बंदियों हेतु म.प्र. जेल आपूर्ति नियम 1968 तथा म.प्र. भण्डार क्रय नियम 2015 के तहत खण्ड (1) खाद्यान्न खण्ड (2) सब्जी एवं फल हेतु चतुर्थ वार्षिक ई–निविदा सम्पूर्ण कार्यवाही पश्चात स्वीकृति हेतु जेल मुख्यालय भोपाल म.प्र. को इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 01 / निर्वाह / 2022 कटनी दिनांक 04.01.2022 से भेजी गई है, परन्तु कुछ समाग्री की दरें तहसील दर से सुसंगत न होने शेष समाग्री के क्रय हेतु पुन: पंचम वार्षिक ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

ई–निविदा की जानकारी वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकेगी।
निविदा कार्यक्रम का विवरण निम्नानुसार है:–

क्रं.	विवरण	दिनांक/समय	स्थान
01	प्री बिड मीटिंग	दिनांक 16.01.2023 प्रात: 11:00 बजे	जिला जेल कटनी
02	निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथी, निविदा फार्म का मुल्य रू 1000/– एवं 500/– (ठेके की राशि रू05 लाख से कम होने पर) प्रति फार्म राशि ऑनलाइन महालेखाकार ग्वालियर म.प्र. शीर्ष 005, जेले 800 अन्य प्राप्तियों मे जमा की जावेगी	दिनांक 28.01.2023 शाम 05:00 बजे तक	www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकेगी
03	ई–निविदा ऑनलाइन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथी	दिनांक 28.01.2023 शाम 05:00 बजे तक	www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकेगी
04	दस्तावेज की हार्डकापी / ई. एम. डी. प्रस्तुत करने एवं नमूना जमा करने की अंतिम तिथी	29.01.2023 प्रात: 11:00 बजे	जिला जेल कटनी के गेट पर प्रस्तुत की जावेगी
05	तकनीकी निविदा सहायक (आवश्यक दस्तावेज) खोलने की तिथि	30.01.2023 दोपहर 01:00 बजे	जिला जेल कटनी, जिला– कटनी
06	वित्तीय निविदा खोलने की तिथि	31.01.2023 दोपहर 01:00 बजे	जिला जेल कटनी, जिला– कटनी

नोट:– ई– निविदा फार्म वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर ऑनलाइन सिस्टम पर क्रेडिट कार्ड या ऑनलाइन भुगतान कर ही क्रय किये जा सकते है। ई– निविदा एवं उससे संबधित समस्त जानकारी उपर दर्शाई गई वेबसाइट पर देखें। निविदा संबंधी समस्त जानकारी जिला जेल कटनी अधीक्षक द्वारा जिला जेल कटनी पर की जायेगी।

जेल अधीक्षक
जिला जेल कटनी (म.प्र.)

जी-21988/22

क्रमांक 2715001/2014/ई.डी.पी./ई–टेंडरिंग/406/1392
कार्यालय प्रमुख अभियंता
जल संसाधन विभाग, जल संसाधन भवन, तुलसी नगर, भोपाल

ई मेल– mpwrdetenders@gmail.com, edpcell.encwrd.bpl@mp.gov.in
फोन– 0755–2553402 फैक्स–0755–2552406

// निविदा आमंत्रण सूचना //

निविदा सूचना क्रमांक– 528/2715001/ई.डी.पी./2021–22/प्र.अ./ई–टेंडरिंग भोपाल, दिनांक 17/01/23

निम्न कार्यो हेतु निविदा वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र वेबसाइट पर दिनांक 06-02-2023 को 17:30 बजे तक क्रय/डाउनलोड तथा प्रस्तुत किए जा सकते है। निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाईट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

स.क्र.	निविदा क्रमांक	कार्य का नाम	जिला	राशि रू. लाख में
1	2022_WRD_237581	गांधीसागर बांध संभाग के कार्यालय का फ्लोरिंग का कार्य।	मंदसौर	3.23
2	2022_WRD_238694	ग्राम आवलिया की मौजूदा 33 के.व्ही. समर्पित फीडर लाइन से 110 के.व्ही.ए. 33 के.व्ही एच.टी. कनेक्शन के लिए विद्यत् आपूर्ति हेतु 33 के.व्ही. टैपिंग लाइन का कार्य।	धार	4.16
3	2022_WRD_241149	संभागीय कार्यालय श्योपुर का मरम्मत कार्य।	श्योपुर	13.04
4	2022_WRD_241160	संभागीय कार्यालय श्योपुर का बाउंड्री वॉल निर्माण कार्य।	श्योपुर	8.13
5	2023_WRD_241778	वसुधा बांध का सुधार कार्य।	कटनी	3.07
6	2023_WRD_241782	गोरहा बंधा बांध का सुधार कार्य।	कटनी	3.64
7	2023_WRD_241785	छपरा जलाशय का सर्वेक्षण कार्य।(द्वितीय आमंत्रण)	कटनी	1.16
8	2023_WRD_241795	सगौना जलाशय के स्लूस का सुधार कार्य।	कटनी	5.76
9	2023_WRD_243926	गंजन जलाशय योजना का सर्वेक्षण कार्य। (तृतीय आमंत्रण)	सागर	1.68
10	2023_WRD_244314	कडेला फतेहपुर जलाशय का सर्वेक्षण कार्य।	राजगढ़	1.37
11	2022_WRD_244323	तवा बांयी तट नहर के चैनल क्रं. 15 स्थित गेटों की रबरसील बदलने एवं पेंटिग का कार्य।(तृतीय आमंत्रण)	नर्मदापुरम्	1.90
12	2022_WRD_244324	बारना बांध बाडी की गैलरी की क्षतिग्रस्त पानी की पाइप लाइन बदलने का कार्य।	नर्मदापुरम्	5.29
13	2023_WRD_244711	हनौता सिंचाई परियोजना के डूब क्षेत्र से प्रभावित ग्राम जजपांन पर 11 के.व्ही. विद्युत लाईन (काकलखेड़ी डी.एल.फीडर) के प्रतिस्थापन एवं अन्य कार्य।	सागर	11.25
14	2023_WRD_244713	हनौता सिंचाई परियोजना के डूब क्षेत्र से प्रभावित ग्राम खजुरिया व बिसरहा पर 11 के.व्ही. विद्युत लाईन (बिसलोनी डी.एल.फीडर) के प्रतिस्थापन एवं अन्य कार्य।	सागर	17.81
15	2023_WRD_244714	हनौता सिंचाई परियोजना के डूब क्षेत्र से प्रभावित ग्राम खजुरिया व बिसरहा पर 11 के.व्ही. विद्युत लाईन (बिसलोनी ए.जी फीडर) के प्रतिस्थापन एवं अन्य कार्य।	सागर	19.92
16	2023_WRD_244716	आमघाट सिचाई जलाशय के डूब क्षेत्र से प्रभावित स्थल धबई पर 11 के.व्ही. विद्युत लाईन (ए.जी फीडर) के प्रतिस्थापन एवं अन्य कार्य। (द्वितीय आमंत्रण)	सागर	11.98
17	2023_WRD_244717	सीतानगर मध्यम सिचांई जलाशय के डूब क्षेत्र से प्रभावित (ग्राम कल्याणपुरा पर) 33 के.व्ही. विद्युत लाईन के प्रतिस्थापन एवं अन्य कार्य। (द्वितीय आमंत्रण)	सागर	19.97
18	2023_WRD_244718	सीतानगर मध्यम सिचांई जलाशय के डूब क्षेत्र से प्रभावित (ग्राम कल्याणपुरा पर) 11 के.व्ही. विद्युत लाईन के प्रतिस्थापन एवं अन्य कार्य। (द्वितीय आमंत्रण)	सागर	19.70
19	2023_WRD_244719	सतधारू मध्यम सिंचाई परियोजना में स्थापित शीर्ष जलद्वार के चालन हेतु केबिल के प्रदाय एवं अन्य कार्य। (द्वितीय आमंत्रण)	सागर	3.29
20	2023_WRD_244720	कुटनी पोषक बांध में स्थापित एलीवेटर के सुधार का कार्य। (द्वितीय आमंत्रण)	सागर	5.35
			कुल योग	161.71

G-21999

मुख्य अभियंता (प्रोक्योरमेंट)

गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में

JOIN US : सिटी प्राईड सिनेमा में

AUDI = 1 रोजाना 5 शो 25 जनवरी से
09:45AM | 12:45PM | 03:45PM | 06:45PM | 09:30 PM

AUDI = 2 रोजाना 5 शो 25 जनवरी से
10:15 AM | 01:15PM | 04:15PM | 07:15PM | 10:00PM

TICKET RATES

DIAMOND CLASS	300/-	PLATINUM CLASS	250/-
GOLD CLASS	200/-	SILVER CLASS	150/-

नीरज सिनेप्लेक्स में
ऑल इंडिया रिलीज

रोजाना 3 शो ता. 25 से 12,3 एवं सायं 6 बजे से

जिनका नाम नहीं होता.... उनका नामकरण उनके साथ ही कर देते हैं

पठान

कलाकार- शाहरूख खान, दीपिका पादुकोण, जॉन अब्राहम, आशुतोष राणा आदि।

टिकट दर
बॉक्स 150/- अपर क्लास 80/-
बालकनी क्लास- 110/- लोवर क्लास-80/-

यश भारत

सिटी न्यूज

कटनी, मंगलवार, 24 जनवरी 2023

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT -Epaper

स्वामी विवेकानंद के जीवन दर्शन व्याख्यानमाला का आयोजन

कटनी,यशभारत। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संवाद योजना अंतर्गत स्वामी विवेकानंद की 159 वी जयंती वर्ष के अवसर को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाते हुए स्वामी जी के जीवन दर्शन एवं विश्व पटल पर उनके प्रभाव विषय पर उत्कृष्ट विद्यालय कटनी में एक व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की रूपरेखा परिषद के जिला समन्वयक डॉ तेज सिंह केशवाल के सवाल द्वारा दी गई। आपने बताया कि भारतवर्ष विश्व गुरु यूं ही नहीं कहलाता इसे विश्व गुरु बनाने में भारत के विभिन्न दार्शनिक एवं महापुरुषों का हाथ है। जन अभियान परिषद द्वारा इन महापुरुषों की जयंती को व्याख्यान माल के रूप में आयोजित कर उनके विचारों एवं दर्शन से आज की युवा पीढ़ी को अवगत कराते हुए प्रेरणा प्रदान करने के उद्देश्य से इस प्रकार के व्याख्यान माल का आयोजन किया जा रहा है। जिससे हम प्रेरणा लेकर भविष्य में पुनः विश्व गुरु बनने की ओर प्रयासरत हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित शशांक श्रीवास्तव पूर्व महापौर द्वारा स्वामी जी के जीवन की प्रमुख घटनाओं से हम कैसे प्रेरणा ले सकते हैं विषय पर अपना उद्बोधन में प्रकाश डालते हुए बताया कि 1857 की क्रांति के बाद बहुत ही गंभीर परिस्थिति थी अंग्रेजों का शासन था मुगलों ने सनातन धर्म को छिन्न-भिन्न करने का काम किया। हमारी संस्कृति प्रभावित हुई पूरे विश्व में भारत को पिछड़ा हुआ समझते थे। अंग्रेजी को बढ़ावा दिया गया। विवेकानंद जी शिकागो गए और सन्यासी के वेश में गए और अपने सारगर्भित उद्बोधन में उन्होंने वहां उपस्थित सारे धर्मावलंबियों को अपने उद्बोधन से मंत्र मुक्त कर दिया। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित श्रीकांत शुक्ला प्रधान अध्यापक कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय द्वारा विवेकानंद जी के जीवन एवं उनके दर्शन का विश्व पटल पर प्रभाव विषय पर विस्तार से उसके विभिन्न आयामों का परिचय कराया गया। आपने बताया कि स्वामी जी का जीवन चरित्र साधारण नहीं है वे अलौकिक व दिव्य है, वह एक दिए के समान हैं, उनके विचार भव्य थ, जिसका प्रकाश हम सब देख रहे हैं । कार्यक्रम में आनंदम विभाग के डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम लीडर अनिल कामब्ले द्वारा स्वामी जी के जन्म को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाने के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की रूपरेखा एवं आभार प्रदर्शन जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक तेज सिंह के स्वास द्वारा एवं कार्यक्रम का सारगर्भित संचालन विकासखंड समन्वयक बालमुकुंद मिश्रा द्वारा किया गया कार्यक्रम में जन अभियान परिषद की प्रशन एवं नगर प्रस्फुटन समिति नवांकुर संस्थाओं के एवं विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं के पदाधिकारी एवं मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के छात्र-छात्राएं एवं परामर्शदाता एवं अन्य प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे।

दिव्यांगों के सक्षम छात्रावास का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

व्यवस्था सुधार हेतु स्वीकृत किए 3.50लाख रूपए

कटनी,यशभारत। कलेक्टर दिव्यांग बच्चों के लिए संचालित सक्षम छात्रावास पहुंच कर छात्रों से संवाद किया। मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता जांचने भोजन भी चखा, पढ़ाई- लिखाई के संबंध में जानकारी ली । लाड़-दुलार किया और गणित के सही अंक लिख कर दिखाने वाले दिव्यांग अनुराग की प्रतिभा की सराहना की और शाबाशी दी। छात्रावासों का समग्र विकास कलेक्टर श्री प्रसाद की प्राथमिकताओ में शामिल हैं। इसके लिए वे लगातार छात्रावासों का भ्रमण कर रहे हैं, व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए दिशा-निर्देश देने के साथ-साथ आवश्यक निधि भी दे रहे हैं। इसी क्रम में कलेक्टर अवि प्रसाद एन के जे कटनी में दिव्यांग बच्चों के लिए संचालित सक्षम छात्रावास पहुंचे । वहाँ बच्चों से संवाद किया, उनके पढ़ने, शयन करने के साथ-साथ उनकी संगीत की गतिविधियां भी देखीं। बच्चों ने संगीत नृत्य कर कलेक्टर को मंत्रमुग्ध कर दिया। दृष्टि बाधित दिव्यांग छात्र अनुराग कक्षा- तीसरी ने श्री प्रसाद को अबेकस चलाकर कुछ गणितीय गणना करके दिखाई।,जिस पर उन्होंने उसे सिर पर हाथ फेर कर दुलार भी किया। इसके बाद कलेक्टर ने बच्चों के भोजन को भी चखा। भोजन में सब्जी नहीं होने पर अप्रसन्नता जाहिर करते हुए व्यवस्था सुधार के निर्देश दिए। साथ ही छात्रावास की व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के लिए 3.50 लाख रूपए की राशि तत्काल स्वीकृत की। वर्तमान में समग्र शिक्षा अभियान ,ज़िला शिक्षा केन्द्र द्वारा यह छात्रावास 50 बच्चों के लिए संचालित हो रहा है। निरीक्षण के दौरान छात्रावास में अधीक्षक, सहायक अधीक्षक के साथ-साथ केयरटेकर और चौकीदार उपस्थित पाए गए।

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार प्रवीण उर्फ पप्पू बजाज आत्मज स्व. सत्यनारायण बजाज उम्र 64 वर्ष पता सत्यनारायण मंदिर के पास, बरही रोड कटनी के निवासी हैं। तथा उनके पूर्वजों द्वारा वर्ष 1918 से सत्यनारायण मंदिर ट्रस्ट के नाम से पारिवारिक ट्रस्ट बनाया गया था जिसके वर्तमान में ट्रस्टी मेरा पक्षकार प्रवीण उर्फ पप्पू बजाज है। उपरोक्त ट्रस्ट पूर्णतः निजी पारिवारिक ट्रस्ट है तथा उपरोक्त ट्रस्ट तथा उसके कार्यों को लेकर पंकज बजाज आत्मज स्व. निरंजन बजाज आयु वर्ष लगभग 52 वर्ष निवासी दुबे कॉलोनी द्वारा वैमनस्यतापूर्ण उद्धेश्य को लेकर तरह-तरह के भ्रामक प्रचार व झूठी बातें बिना किसी तथ्यों के आधार पर विभिन्न वॉट्स ऐप ग्रुप एवं सोशल मीडिया के माध्यम से दुष्प्रचारित की जा रही है जिसके संबंध में मेरा पक्षकार उसके विरूद्ध कानूनी कार्यवाही कर रहा है। अतः उक्त आम सूचना के माध्यम से सर्वसाधारण को यह सूचित किया जाता है कि यदि किसी भी आमजन, व्यक्ति, संस्था या कम्पनी, या अन्य किसी भी संस्थान के पास ऐसी कोई जानकारी या दस्तावेज हों जिससे यह साबित होता हो कि उक्त सत्यनारायण मंदिर ट्रस्ट कमेटी के ट्रस्टी रहते हुये मेरे पक्षकार द्वारा कोई अवैधानिक कृत्य किये गये हों या ट्रस्ट की कोई भूमि अवैध रूप से किसी को विक्रय की गयी हो तो ऐसा व्यक्ति अपने समस्त दस्तावेजों व तथ्यों के साथ उक्त आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवसों के अंदर संपर्क करें ताकि मेरा पक्षकार पंकज बजाज द्वारा उन सत्यनारायण मंदिर ट्रस्ट कमेटी तथा मेरे पक्षकार के विरुद्ध सोशल मीडिया पर लिखे जा रहे अवैधानिक मानहानिकारक भामक व झूठे तथ्यहीन क्रियाकलापों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जा सके।

भवदीय
मनोज सोनी(एडव्होकेट) ए-26 इन कॉलोनी मदन मोहन चौबे वार्ड, कटनी मो. 9425162716, 7000475722

सस्ती सुंदर 125/- में सिंगल बेड
पता- होटल गणपति प्लाजा
लक्ष्मीनारायण मंदिर के पास वाली गली कमानियागेट कटनी, मो. नं. 7389565610
(एसी रूम उपलब्ध है)

कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग,(भ/स) संभाग कटनी (म.प्र.)

E-mail- eepwdkatni@mp.nic.in Phone No. 07622-224277

निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 16/व.ले.लि./2022-23/ कटनी, दिनांक 17/01/2023

मध्यप्रदेश शासन लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीयकृत व्यवस्थापन के अन्तर्गत ठेकेदार से राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग भोपाल की प्रभावशील दर अनुसूची दिनांक 01.12.2020 एवं समस्त संशोधन सहित (भवन) तथा दिनांक 15.09.2022 एवं दिनांक 25.03.2022 (सड़क) कार्य हेतु निविदायें आनलाईन Appendix 2.10 निविदा में आमंत्रित की जाती है बिड सेल आनलाईन https://mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकेगी। निविदायें सम्बन्धित कार्यालय में टेण्डर टाईम शैडयूल के अनुसार खोली जावेगी।

क्र.	टेण्डर आई.डी. कमांक	जिला	एस.ओ.आर.	कार्य का प्रकार	कार्य का नाम	आमंत्रण क्र.	अनुमानित लागत राशि (रू.लाख में)	कार्य की अमानत राशि 2 प्रतिशत	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्यपूर्ण करने की संभावित तिथी
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1	2023_PWDRB _245403_1	कटनी	29.08.17	रोड कार्य	कंटगी बड़ेरा मार्ग निर्माण लंबाई 6.20 कि. मी. का शेष कार्य। अनुबंध क-40/डी. एल./2020-21	प्रथम	353.92	7.07840	15000.00	06 माह
2	2023_PWDRB _245407_1	कटनी	25.03.22	रोड कार्य	लोक निर्माण विभाग(भ./स.) उपसंभाग बरही के अन्तर्गत 10 मार्गों में बी.टी. रिन्यूवल का कार्य	प्रथम	334.45	6.68900	15000.00	03 माह
3	2023_PWDRB _245408_1	कटनी	25.03.22	रोड कार्य	लोक निर्माण विभाग(भ/स) उपसंभाग क्र. 02 कटनी के अन्तर्गत 06 मार्गों में बी.टी. रिन्यूवल का कार्य	प्रथम	257.19	5.14380	15000.00	03 माह
4	2023_PWDRB _245409_1	कटनी	25.03.22	रोड कार्य	लोक निर्माण विभाग(भ/स) उपसंभाग क्र. 01 कटनी के अन्तर्गत 10 मार्गों में बी.टी. रिन्यूवल का कार्य	प्रथम	199.06	3.98120	12500.00	03 माह
5	2023_PWDRB _245412_1	कटनी	25.03.22	रोड कार्य	खितौला उमरियापान मार्ग में बी.टी. नवीनीकरण का कार्य। अनुबंध क-49/डी.एल./2020-21 का शेष कार्य	प्रथम	51.35	1.02700	10000.00	02 माह
					योग		1195.97			

निविदा की कुल अनुमानित राशि रूपये 1195.97 लाख (एक एक नौ पॉच दशमलव नौ सात लाख मात्र)

उपरोक्त वेवसाईट में आन लाईन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र कय करने तथा आनलाइन बिड सबमिशन की अंतिम तिथि 15.02.2023 सांय 17.30 बजे तंक निर्धारित है। ई.एम.डी. केवल आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी एवं अन्य दस्तावेज केवल आनलाईन माध्यम से ही प्राप्त की जावेगी। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी का विवरण शासन की वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

नोटः- उपरोक्त आमंत्रित समस्त निविदाओं में म.प्र.शासन लोक निर्माण विभाग मंत्रालय भोपाल के आदेश कमांक एफ/53/2/2011/यो/19/2822/भोपाल/दिनांक 10 अगस्त 2022 के अनुसार नवीन अतिरिक्त परफारमेंस गारंटी की शर्त लागू।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग(भ/स) संभाग कटनी

G-21980/22

Tuesday Offer @99/- Available On All Seats Except Recliners
From 20th January 2022
CINEWORLDZ CINEMA KATNI
Millal MALL
Paytm
bookmyshow

TIMINGS MAY CHANGE FOR CURRENT UPDATE VISIT ON BOOK MY SHOW & PAYTM
2nd Floor , Mittal Mall, Beside Mittal Enclave, Collectorate Road, Katni M.P.
Contact No. 9993123830

कटनी में पहली बार सुपर स्पेशिलटी स्वास्थ्य सेवाएं
नागपुर,दिल्ली, कलकत्ता, मुंबई के विशेषज्ञ चिकित्सक
कटनी में प्रतिदिन उपलब्ध
एम.जी.एम.हॉस्पिटल कटनी
mgm HOSPITAL
डॉ. एस.के.गुप्ता — दिल्ली के वरिष्ठ न्यूरो-स्पाइन सर्जन
डॉ. एस.के.सिंह — कलकत्ता के वरिष्ठ पेट सेल विशेषज्ञ तथा लेप्रोस्कोपी सर्जन
डॉ. पंकज गुप्ता — फ्रैक्चर एवं हड्डी रोग विशेषज्ञ
सुपर स्पेशिलटी सुविधायें 24 घंटे उपलब्ध है
CT Scan
M.R.I.
एंजियोग्राफी
एंजियोप्लास्टी
दूरबीन सर्जरी
डायलसिस
डॉ. रवि कुमार — कंसलटेंट फिजिशियन
डॉ.मानसी गुप्ता — मुख्य एवं दन्त रोग विशेषज्ञ
डॉ. सुचित्रा — हर्नी रोग विशेषज्ञ, IVF स्पेशिलस्ट
24 घंटे इमरजेंसी सेवाएं
कचहरी चौक, फारेस्टर प्ले ग्राउण्ड के सामने, कटनी 07622-405070 9424957890
07622 405070 www.facebook.com/mgmhrc | @mgmkatni | mgmhrc | mgmhospitalkatni | www.mgmhospitalkatni.com | info@mgmhospitalkatni.com

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, (भ/स) संभाग कटनी (म.प्र.)

E-mail- eepwdkatni@mp.nic.in Phone No. 07622-224277

निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 15/ व.ले.लि./ 2022-23/ कटनी, दिनांक 16.01.2023

मध्यप्रदेश शासन लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीयकृत व्यवस्थापन के अंतर्गत ठेकेदार से राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग भोपाल की प्रभावशील दर अनुसूची दिनांक 01.12.2020 एवं समस्त संशोधन सहित (भवन) तथा दिनांक 15.09.2022 एवं दिनांक 25.03.2022 (सड़क) कार्य हेतु निविदायें आनलाईन Appendix 2.10 निविदा में आमंत्रित की जाती है बिड से आनलाईन https://mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकेगी।

निविदायें संबंधित कार्यालय में टेण्डर टाईम शैड्यूल के अनुसार खोली जावेगी।

स. क्र.	टेंडर आई.डी. क्रमांक	जिला	एस. ओ. आर.	कार्य का प्रकार	कार्य का नाम	आमंत्रण	अनुमानित लागत राशि (रु. लाख में)	कार्य की अमानत राशि 2 प्रतिशत	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्यपूर्ण करने की संभावित तिथि
1.	2.	3.	4.	5.	6.	7.	8.	9.	10.	11.
1	2023_ PWDRB _245048_1	कटनी	15.09.22	भवन कार्य	शासकीय महाविद्यालय विवेकानंद डिग्री कॉलेज स्लीमनाबाद जिला कटनी में दो अतिरिक्त कक्षों का निर्माण कार्य मय विद्युतीकरण सहित।	प्रथम	38.05	0.76100	5000.00	06 माह
2	2023_ PWDRB_ 245050_1	कटनी	15.09.22	भवन कार्य	लोक निर्माण विभाग संभाग कटनी के अंतर्गत स्वीकृत आदिवासी छात्रावासों में विद्युत संबंधित कार्य।	प्रथम	15.00	0.30000	2000.00	03 माह
3	2023_ PWDRB_ 245051_1	कटनी	15.09.22	भवन कार्य	आदिवासी बालक छात्रावास देवरा-कला के कक्षों में छत में सीपेज का कार्य, शौचालय मरम्मत एवं भवन की रंगाई पुताई एवं अन्य कार्य।	प्रथम	12.08	0.24160	2000.00	03 माह
4	2023_ PWDRB_ 245053_1	कटनी	15.09.22	भवन कार्य	आदिवासी कन्या छात्रावास ढीमरखेड़ा में मच्छर जाली एवं भवन की रंगाई पुताई एवं अन्य मरम्मत कार्य।	प्रथम	10.23	0.20460	2000.00	03 माह
5	2023_ PWDRB_ 245054_1	कटनी	15.09.22	भवन कार्य	आदिवासी बालक छात्रावास झिन्ना पिपरिया के शौचालय मरम्मत मच्छर जलाई पाईप लाईन फिटिंग एवं भवन की रंगाई पुताई एवं अन्य मरम्मत कार्य।	प्रथम	7.95	0.15900	2000.00	03 माह
6	2023_ PWDRB_ 245055_1	कटनी	15.09.22	भवन कार्य	आदिवासी बालक छात्रावास बहोरीबंद के छत मरम्मत प्लास्टर कार्य शौचालय एवं स्नानागार में दरवाजे टाईल्स व पेय जल फिटिंग भवन की रंगाई पुताई एवं अन्य मरम्मत कार्य।	प्रथम	7.51	0.15020	2000.00	03 माह
7	2023_ PWDRB_ 245056_1	कटनी	15.09.22	भवन कार्य	आदिवासी कन्या छात्रावास घुघरा के भवन की छत मरम्मत वाटर प्रूफिंग कार्य भवन में फर्शीकरण कार्य कोटा स्टोन एवं स्नानागार में टाईल्स मरम्मत पाईप लाईन फिटिंग भवन की रंगाई पुताई एवं अन्य मरम्मत कार्य।	प्रथम	7.22	0.14440	2000.00	03 माह
8	2023_ PWDRB_ 245057_1	कटनी	15.09.22	भवन कार्य	आदिवासी कन्या छात्रावास बरही के शौचालाय एवं स्नानागार के दरवाजे बदलना खिड़कियों व रोशनदान के कांच बदलना पी.सी.सी. पाइप लाइन भवन की रंगाई पुताई एवं अन्य मरम्मत कार्य।	प्रथम	7.16	0.14320	2000.00	03 माह
9	2023_ PWDRB_ 245058_1	कटनी	15.09.22	भवन कार्य	आदिवासी बालक छात्रावास रीठी के शौचालय एवं स्नानागार के दरवाजों की मरम्मत एवं संपूर्ण छत मरम्मत एवं रंगाई पुताई एवं अन्य मरम्मत कार्य।	प्रथम	7.10	0.14200	2000.00	03 माह
10	2023_ PWDRB_ 245059_1	कटनी	15.09.22	भवन कार्य	आदिवासी बालक छात्रावास घुघरा के शौचालय मरम्मत नल फिटिंग पानी की टंकी खिड़कियों के काँच किचन टाईल्स एवं रंगाई पुताई एवं अन्य मरम्मत कार्य।	प्रथम	7.01	0.14020	2000.00	03 माह
11	2023_ PWDRB_ 245060_1	कटनी	15.09.22	भवन कार्य	शासकीय बालक छात्रावास कटनी में शौचालय एवं भवन मरम्मत कार्य।	प्रथम	6.36	0.12720	2000.00	03 माह
12	2023_ PWDRB_ 245061_1	कटनी	15.09.22	भवन कार्य	अनुसूचित जाति पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास खिरहनी भवन की मरम्मत खिड़की रोशन दान काँच कार्य पी.बी. सी. पाईप लाईन शौचालय एवं स्नाना-गार की मरम्मत रंगाई पुताई एवं अन्य मरम्मत कार्य।	प्रथम	6.20	0.12400	2000.00	03 माह
13	2023_ PWDRB_ 245062_1	कटनी	15.09.22	भवन कार्य	अनुसूचित जाति उत्कृष्ट बालक छात्रा -वास बहोरीबंद के शौचालय मच्छर जाली पाईप लाईन फिटिंग भवन की रगांई पुताई एवं अन्य मरम्मत कार्य।	प्रथम	4.73	0.09460	2000.00	03 माह
14	2023_ PWDRB_ 245063_1	कटनी	15.09.22	भवन कार्य	आदिवासी कन्या छात्रावास खिरहनी में स्नानागार मरम्मत एवं भवन की रंगाई पुताई एवं अन्य मरम्मत कार्य।	प्रथम	2.37	0.05460	2000.00	03 माह
15	2023_ PWDRB_ 245064_1	कटनी	15.09.22	भवन कार्य	आदिवासी बालक छात्रावास कूड़ा मर्दानगढ़ के छत मरम्मत एवं प्लास्टर कार्य शौचालय एवं स्नानागार के दर-वाजे टाईल्स मरम्मत एवं पेय जल फिटिंग एवं भवन की रंगाई पुताई एवं अन्य मरम्मत कार्य।	प्रथम	2.31	0.04620	2000.00	03 माह
16	2023_ PWDRB_ 245067_1	कटनी	15.09.22	भवन कार्य	आदिवासी बालक आश्रम पाँडी में शौचालय एवं स्नानागार मरम्मत पाईप लाईन फिटिंग एवं भवन की रंगाई पुताई एवं अन्य मरम्मत कार्य।	प्रथम	2.30	0.04600	2000.00	03 माह
17	2023_ PWDRB_ 245068_1	कटनी	15.09.22	भवन कार्य	आदिवासी पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रावास बड़वारा के छत मरम्मत एवं प्लास्टर कार्य शौचालय एवं स्नानागार मरम्मत पाइप लाईन फिटिंग एवं भवन की रंगाई पुताई एवं अन्य मरम्मत कार्य।	प्रथम	3.44	0.06880	2000.00	03 माह
					योग-		147.38			

निविदा की कुल अनुमानित राशि रुपये 147.38 लाख (एक करोड़ सैतालिस लाख अढ़तिस हजार मात्र)

उपरोक्त वेबसाईट में आन लाईन भुगतान करने के उपरांत निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाईट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने तथा आनलाइन बिड सबमिशन की अंतिम तिथि 06.02.2023 सायं 17.30 बजे तक निर्धारित है। ई.एम.डी. केवल आर.टी.जी.एस./ एन.ई.एफ.टी. एवं अन्य दस्तावेज केवल आनलाइन माध्यम से ही प्राप्त की जावेगी। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी का विवरण शासन की वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

नोट- उपरोक्त आमंत्रित समस्त निविदाओं में म.प्र. शासन लोक निर्माण विभाग मंत्रालय भोपाल के आदेश क्रमांक एफ/53/2/2011/ यो/ 19/2822/ भोपाल/ दिनांक 10 अगस्त 2022 के अनुसार नवीन अतिरिक्त परफारमेंस गारंटी की शर्त लागू।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग कटनी

G-21978/23

उत्तराखंड में भू-धंसाव की चुनौती

जोशीमठ में हुए भू धंसाव ने सबकी चिंता बढ़ा दी है, लेकिन वैज्ञानिकों का अध्ययन बताता है कि जोशीमठ ही नहीं बल्कि उत्तराखंड के करीब 50 प्रतिशत हिस्से में भूस्खलन के ऐसे क्षेत्र हैं, जो बेहद ही संवेदनशील हैं. अंदाजा इस बात से ही लगाया जा सकता है कि राज्य में अब तक 6,536 लैंडस्लाइड जोन चिन्हित किये जा चुके हैं, ये उत्तराखंड जैसे पहाड़ी राज्य के लिए किसी बड़े खतरे से कम नहीं माने जा सकते हैं.। एक रिपोर्ट के मुताबिक राज्य में दो हजार मीटर से चार हजार मीटर तक की ऊंचाई वाले क्षेत्रों में 50 से 60 प्रतिशत तक ढलान क्षेत्रों में भूस्खलन का खतरा हो सकता है. उत्तरकाशी व कर्णप्रयाग जैसे कई अन्य शहर भी भू-धंसाव की चुनौती से जूझ रहे हैं। हाल में खबर आई है कि हिमाचल के मंडी जिले के दो गांवों में भी भू-धंसाव से कुछ मकानों में दरारें देखी गई हैं। जिसकी वजह चार लेन परियोजना को अंजाम देने के लिये गैर-वैज्ञानिक तरीके से पहाड़ियों को काटना बताया जा रहा है। जिसके चलते हुए भूस्खलन से दो गांवों को जाने वाली संपर्क सड़क क्षतिग्रस्त हो गई है। साथ ही जमीन के एक बड़े हिस्से में भी दरार आई बतायी जाती है। निस्संदेह, आज हिमालय रेंज में बसे शिमला और दार्जिलिंग जैसे भीड़भाड़ वाले पहाड़ी शहरों में जोशीमठ जैसी आपदा का खतरा मंडरा रहा है। दरअसल,यह समस्या किसी एक राज्य या जिले की न होकर अपेक्षाकृत नये हिमालयी पहाड़ों में बसे तमाम शहरों की बनी हुई है। भले ही केंद्र व उत्तराखंड की सरकारों का मुख्य ध्यान भूस्खलन से प्रभावित लोगों के पुनर्वास पर है, लेकिन हिमालयी इलाकों में ऐसी आपदाओं को रोकने के लिये राष्ट्रीय व राज्य स्तर पर दीर्घकालिक विकास योजनाओं को अमली-जामा पहनाने की जरूरत है। साथ ही आपदाओं को कम करने तथा बेहतर प्रबंधन पर ध्यान देने की भी जरूरत है। अनियोजित विकास अब चाहे वह विकास के नाम पर हो या पर्यटन के, वह नाजुक हिमालयी परिस्थितियों पर प्रतिकूल असर डाल रहा है। पर्यटन सुविधाओं के विस्तार के बीच खबर है कि उत्तराखंड के राष्ट्रीय राजमार्ग-7 पर जोशीमठ से ऋषिकेश के बीच 247 किमी क्षेत्र को वैज्ञानिकों ने भूस्खलन की दृष्टि से संवेदनशील माना है। यहां ध्यान देने योग्य बात है कि भू-धंसाव के बाद जोशीमठ में व्यवसायों पर मंदी के प्रतिकूल प्रभाव से हजारों लोगों के सामने आजीविका का संकट पैदा हो गया है। जो यह बताता है कि तब तक पहाड़ों में पर्यटन का विकास लाभदायक नहीं हो सकता जब तक कि सतत विकास पर ध्यान न दिया जाये। देश की अदालतों और न्यायाधिकरणों को यह सुनिश्चित करना होगा कि किसी भी बुनियादी ढांचे से जुड़ी किसी भी परियोजना, मसलन-सड़कों, सुरंगों, पन-बिजली परियोजनाओं को तब तक अनुमति न मिले जब तक कि पारिस्थितिकी से जुड़ी चिंताओं का समाधान न हो जाये। पिछले साल ही नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने राज्य सरकार द्वारा अनुमोदित शिमला ड्राफ्ट डेवलपमेंट प्लान-2041 को अवैध बताते हुए हिमाचल की राजधानी में निर्माण गतिविधियों पर रोक लगा दी थी। निस्संदेह, बहुमूल्य पहाड़ियों और उनके निवासियों का जीवन सुरक्षित करने के लिये ऐसे दृढ़ संकल्प की जरूरत है। साथ ही पर्यावरणीय मानदंडों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिये सख्त कदम उठाने की जरूरत है। वहीं दूसरी ओर नागरिकों के स्तर पर भी जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत महसूस की जा रही है कि पहाड़ों की संवेदनशीलता को देखते हुए निर्माण को नियमबद्ध तरीके से अंजाम दें। तभी हिमालयी पर्वत श्रृंखला में सुरक्षित जीवन संभव हो पायेगा।

आत्मनिर्भरता के वैभव में नयी दृष्टि

नया साल शुरू हो गया और इस साल में भी मोदी सरकार का जोर गुलामी की मानसिकता से छुटकारा पाकर राष्ट्रीयता की भावना को उज्ज्वल करने का है। दक्षिणी और उत्तरी भारत के मानसिक कटघरों को खत्म करने का है। निःसंदेह, जब पूरा देश हमारा है तो उसकी मानसिकता भी एक-सी होनी चाहिए और वह मानसिकता निश्चय ही मातृभूमि को प्रणाम की है या वंदेमातरम् की है। दरअसल, जो इतिहास गुलामी की मानसिकता के तहत यंत्रचालित इतिहासकारों ने हमें दिया, उसमें उत्तरी भारत के रणबांकुरों के चमकदार चेहरे हमें नजर आते रहे। दक्षिणी भारत और पूर्वोत्तर से राष्ट्रीयता पर कुर्बान होने वाले लोगों की आवाजें तो उठी ही नहीं। तभी शिवाजी तथा महाराणा प्रताप जैसे उद्भट वीरों की तलाश दक्षिण भारत से लेकर पूर्वोत्तर तक की गई और उनके इतिहास लिखने की शुरुआत हुई।

इसके अलावा गुलामी की मानसिकता के निशान जो आज भी हमारी सेनाओं की ब्रिगेड के ध्वजों और उनकी वेशभूषा पर हावी थे, उनका परित्याग करके भारतीय मानसिकता को गर्वित करने वाले तिरंगे को उभारा गया। जयहिंद का नारा लगाया गया। लेकिन छुटकारा पाने की प्रक्रिया एक लम्बी यात्रा है। कुछ व्यावहारिक कदम भी उठाए जाएं, जिससे पूरा देश अपने आप को समवेत स्वर से आगे बढ़ता हुआ महसूस करे। सरकार की नीति है कि जितनी जल्दी देश आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ जाएगा, उतनी ही जल्दी हमें गुलामी की मानसिकता और पश्चिमी देशों के अंधानुकरण के रवैये को त्यागने में मदद मिलेगी। इसकी तरफ कदम बढ़ाने के लिए भारतीय रेलों को भी एक नया रूप दिया जा रहा है। आयातित ज्ञान की मनोवृत्ति से छुटकारा पाने की कोशिश की जा रही है। इस समय भारत के हर हिस्से को दूसरे हिस्से के साथ तेजी से जोड़ने के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस शुरू की गई है। बीते कुछ वर्षों में सात वंदे भारत रेलगाड़ियां शुरू की गई। दक्षिण भारत कहीं भी अपने आप को इस एकमेव अभियान में अलग महसूस न करे, इसलिए इस मकर संक्रांति के अवसर पर दो तेलुगू भाषी राज्यों तेलंगाना व आंध्र प्रदेश को भी इसमें जोड़ दिया गया। सिकंदराबाद-विशाखापटनम वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखा दी गई। इसके साथ दक्षिणी भारतीय राज्यों की संस्कृति और साझी विरासत का विकास भी शुरू हो गया। देखते ही देखते ये रेलें देश के कोने-कोने से जुड़कर देश के विभिन्न हिस्सों को करीब कर देंगी। इस वर्ष उपग्रह प्रक्षेपण में इसरो का भी व्यवसायीकरण कर दिया गया और इस व्यवसायीकरण में उत्तर और दक्षिण भारत के बड़े व्यवसायियों ने एक साथ हाथ बढ़ाया। उम्मीद की जा रही है कि हमारी आयात आधारित अर्थव्यवस्था के लिए निर्यात सेवा का यह एक और अवसर खुल जाएगा। इस प्रकार तीसरी दुनिया के छोटे देशों को भी अंतरिक्ष क्षेत्र में जहां अपने उपग्रह प्रक्षेपित करने का मौका मिलेगा वहां डॉलर के मुकाबले हमारा रुपया मजबूत होगा। एक और प्रयास भी जो पिछले वर्ष किया गया, वह यह है कि अंग्रेजी की मानसिकता को त्यागते हुए देश में एक अपनी भाषा से ही पूरे देश में संवाद और संप्रेषणीयता को बढ़ाया जाए। बेशक यह भाषा हिंदी है और देश की दो-तिहाई जनता नैसर्गिक रूप से इसका प्रयोग करती है। सही है कि दक्षिण भारत के कुछ कट्टरवादी तत्वों ने इस भाषा को स्वीकारने में कुछ एतराज जताए। लेकिन फिर भी यह एकता की संपर्क भाषा है। उम्मीद करते हैं कि इस वर्ष हिंदी को पूरे देश की संपर्क भाषा बनाने के लिए अपने आप एक खुले मन की मानसिकता पैदा हो जाएगी। वैसे भी देश की सभी भाषाएं कहीं न कहीं तो मां संस्कृत के साथ जुड़ी ही हुई हैं। इसलिए ओढ़ी हुई अंग्रेजियत की मानसिकता से छुटकारा पाने का जरिया बन जाएगा।

लेकिन यह नहीं भूलना चाहिए कि पूरे देश को एक ही भावना से जोड़ने का सबसे आसान तरीका यह है कि पूरे देश में गरीब और अमीर का भेद मिट जाए। आर्थिक विकास अगर समावेशी होगा और इसे बनाने में डिजिटल सामर्थ्य बहुत बड़ा योगदान दे तो अपने आप गुलामी की मानसिकता से छुटकारा हो जाएगा। इस समय दुनिया मानने लगी है कि डिजिटल सामर्थ्य बढ़ाने में भारत ने आश्चर्यजनक प्रगति की है लेकिन उससे भी ऊपर सबको जोड़ने वाला एक और सटीक तरीका यह है कि देशभर के भूखों को रियायती अनुकम्पाओं के मायाजाल से निकाला जाए। हर व्यक्ति की योग्यता की पहचान की जाए। उसके लिए यथोचित रोजगार की व्यवस्था हो। पलायन से विदेशों में मिलने वाले जीने का रास्ता अगर भारत में दे दिए जाएं तो क्या हमें अपना देश बिल्कुल अपना न लगे? यहां से विदेशों को जाने की भगदड़ न बंद हो जाए? अब तो विदेशों में भी महामंदी की आशंका के कारण भारतीय नौजवानों का प्रवेश पर लौह द्वार बंद किए जा रहे हैं। अगर पूरे देश में एक संतुलित विकास रणनीति के साथ सबको सम्मानजनक रोजी-रोटी और रहने की व्यवस्था कर दी जाए तो क्या यह देश को अपना मान अपनाने की ओर एक सबल कदम न होगा? सवाल तो प्राथमिकताओं को बदलने का है। पूरे देश में आर्थिक संतुलन पैदा हो जाए तो आत्मनिर्भरता के साथ-साथ गुलामी की मानसिकता से बाहर आने में देर न लगेगी।

सुरेश सेठ

पाक हाई कमीशन- पहले जासूसी, अब यौन उत्पीड़न

राजधानी का डिप्लोमेटिक एरिया चाणक्यपुरी आजकल एकबार फिर खबरों में है। वजह यह है कि वहां पर स्थित पाकिस्तान के हाई कमिशन में एक भारतीय महिला प्रोफेसर के साथ यौन उत्पीड़न का केस सामने आया है। वह वहां पर पाकिस्तान जाने के लिए वीजा लेने के लिए गईं थीं। अफसोस कि पाकिस्तान हाई कमीशन में कभी कोई सार्थक और रचनात्मक गतिविधियां नहीं हुईं। वहां पर पाकिस्तान के स्वाधीनता दिवस पर बिरयानी की दावत जरूर आयोजित होती थी। पर यह जगह मात्र भारत की जासूसी का अड्डा बना रहा। यहां पर जम्मू-कश्मीर के पृथकतावादी और आतंकवादी नेताओं को दामादों की तरह से सम्मान मिलता ही रहा।

भारत सरकार ने 1950 के दशक में चाणक्यपुरी में विभिन्न देशों को भू-भाग आवंटित किये थे। पाकिस्तान को भी इस आशा के साथ बेहतरीन जगह पर अन्य देशों की अपेक्षा बड़ा प्लाट दिया गया था कि वह भारत से अपने संबंधों को मधुर बनाएगा। पर पाकिस्तान ने भारत को निराश ही किया। वह अपनी करतूतों से न बाज आया न ही सुधरा । उसके गर्भनाल में भारत के खिलाफ नफरत भरी हुई है। अब वहां पर उन भारतीयों के साथ यौन उत्पीड़न भी हो रहा है, जो वीजा लेने के लिए वहां पर जाते हैं। मतलब घटियापन की इंतिहा कर रहा है पाकिस्तान। भारत से नफरत करना पाकिस्तान के डीएनए में है। वह भारत का सिर्फ बुरा ही चाहता है। यह बात अलग है कि उसके न चाहने के बाद भी भारत संसार की सैन्य और आर्थिक दृष्टि से एक बड़ी शक्ति बन गया हैं। पर पाकिस्तान के घटियापन के बावजूद भारत ने पाकिस्तान को भी किसी तरह से नुकसान नहीं पहुंचाया। यह सब करना भारत की कूटनीति का अंग ही नहीं है।पाकिस्तान की अब आंखें भी खुल रही हैं। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ अपने देश की सच्चाई से मुंह मोड़ने की जगह जनता को असली स्थितियों से अवगत करा रहे हैं। हाल ही में उन्होंने पाकिस्तान के लिए बार-बार ऋण मांगने की तुलना भीख मांगने से की थी और कहा था कि उन्हें इसकी वजह से शर्मिंदा होना पड़ता है। अब उन्होंने भारत से रिश्तों को लेकर भी बयान दिया है। शरीफ ने कहा है कि भारत से तीन युद्धों में पराजय के बाद उनका देश अपने सबक सीख चुका है। शरीफ से भारत के साथ रिश्तों को लेकर सवाल किया गया, तो उन्होंने कहा कि आजादी के बाद से तीन युद्धों में पाकिस्तान ने सबक सीखे हैं और वे अब शांति चाहते हैं। शरीफ ने इस बार भारत को कश्मीर पर कोई भी धमकी नहीं दी, बल्कि भारत से वार्ता की अपील करते दिखे।

बहरहाल, शरीफ कितनी भी शराफत दिखाएं पर पाकिस्तानी सेना भारत से संबंधों को सामान्य नहीं होने देगी। पाकिस्तान सेना को विदेशी मामलों में भी दखल देने का पुराना रोग है। पाकिस्तान में जब भी किसी अन्य देश का राष्ट्राध्यक्ष, प्रधानमंत्री या अन्य कोई अन्य महत्वपूर्ण नेता आता है तो सेनाध्यक्ष उससे मिलते ही हैं। कमर जावेद बाजवा भी उसी रिवायत को आगे बढ़ा रहे थे। अब वे रिटायर हो गए हैं। नए सेनाध्यक्ष के बारे में अभी कुछ नहीं कहना चाहिए। उनका कार्यकाल अभी चालू ही हुआ है। बाजवा को या उनसे पहले के जनरलों को डिप्लोमेसी की कोई समझ नहीं थी। बाजवा 23 जुलाई, 2019 को वाशिंगटन में अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात करते हैं। इमरान खान को यह समझ नहीं आ रहा था कि सेनाध्यक्ष डिप्लोमेसी में क्यों दखल दे रहा है। इसलिए दोनों के बीच दूरियां बढ़ती गईं। गौर करें कि इमरान खान की रूस यात्रा के बाद उनके खिलाफ विपक्ष लामबंद हुआ। वे दावा कर रहे थे कि अमेरिका उनकी सरकार को हटाना चाहता है। दूसरी तरफ, बाजवा अमेरिका को पाक साफ बताते रहे। अब उनकी थू थू हो रही है।पाकिस्तानी सेना देश की सरहदों की रक्षा करने में नाकाम रही है। उसे भारत से 1948,1965, 1971 और फिर करगिल में कसकर मार पड़ी थी। पर कुत्ते की पूंछ कभी सीधी नहीं होता ना । यही हाल पाक सेना का है। रस्सी जल गई पर ऐंठन बाकी है । पाकिस्तान में सेना के चरित्र को जाननेङ्कसमझने के लिए हमें इतिहास के पन्नों को खंगाल लेना होगा। पाकिस्तान 14 अगस्त, 1947 को दुनिया के मानचित्र पर आता है। वहां पर पहले ग्यारह साल तो आर्मी अपनी छावनियों में रही। इस बीच पाकिस्तान के दो शिखर नेता मोहम्मद अली जिन्ना 1948 में और फिर लियाकत अली खान 1951 में संसार से विदा हो गए। यूपी, हरियाणा और दिल्ली से समान रूप से संबंध रखने वाले लियाकत अली खान की 1951 में रावलपिंडी के आर्मी हाउस के करीब एक पब्लिक मीटिंग के दौरान हत्या कर दी जाती है। इतने भयावह हत्या कांड के दोषियों के नाम या हत्या के पीछे की गुत्थी कभी सामने नहीं आई। पाकिस्तान आर्मी के लिए साल 1958 खास रहा। वहां पर तब मीर जाफर के वंशज (सच में) प्रधानमंत्री इस्कंदर मिर्जा 27 अक्तूबर, 1958 को देश के संविधान को भंग करने के बाद देश में मार्शल लॉ लागू कर देते हैं। मिर्जा ने इसके बाद अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी (एएमयू) में पढ़े पर बिना कोई डिग्री लिए वहां से निकले अयूब खान को आर्मी चीफ बना दिया। पर मिर्जा जिसे अपना समझते थे उसी अयूब खान ने उन्हें तेरह दिनों के बाद सत्ता से बेदखल कर दिया। अयूब खान सत्ता पर काबिज हो गए। मिर्जा के प्रधानमंत्री बनने तक तो पाकिस्तान में जम्हूरियत की बयार बही और उसके बाद वह हमेशा- हमेशा के लिए बंद हो गई। फिर वहां पर आर्मी का सिक्का कायम हो गया। आर्मी ने मुल्क के विदेशी और घरेलू मामलों में भी दखल देना चालू कर दिया। यही से पाकिस्तान बर्बाद होने लगा। अब हम फिर से अपने मूल विषय पर वापस आएंगे। हम बात कर रहे थे पाक हाई कमीशन में भारतीय महिला के साथ हुए यौन शोषण की। यह बेहद शर्मनाक घटना है। इस पर भारत का रुख भी सख्त है। भारत किसी भी सूरत में अपने किसी नागरिक का अपमान स्वीकार नहीं कर सकता। यह बात पाकिस्तान को अच्छी तरह समझ लेनी होगी।

आर.के. सिन्हा

आपका राशिफल 25 जनवरी

मेष (चू चे चो ला ली लू ले लो अ) — आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। किसी अपने की सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। शुभांक-2-3-6

वृष (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो) — व्यर्थ के आडम्बरों से बचें। कार्यक्षेत्र में विवाद बढ़ेंगे। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी। किसी का अभद्र व्यवहार खिन्नता व तनाव बढ़ायेगा। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभांक-5-7-9

मिथुन (का की कू घ ङ छ के को हा) — आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग है। शुभांक-2-5-7

कर्क (ही हू हे हो डा डी डू डे डो) — बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। संतान की उन्नति के योग है। शुभांक-2-6-8

सिंह (मा मी मू मे मो टा टी टू टे) — व्यर्थ की भाग-दौड़ से बचें। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी। आवेश में आना आपके हित में नहीं होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियत्रंण रखे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। पारिवारिक विवाद टाले। शुभांक-1-3-4

कन्या (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो) — पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहे। अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। शुभांक-4-5-7

तुला (रा री रु रे रो ता ती तू ते) — अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से ही अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। बनते हुए कार्यों में बांधा आएगी। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। शुभांक-3-5-7

वृश्चिक (तो ना नी नू ने नो या यी यू) — आर्थिक उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। रोजगार में तरक्की मिलेगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। शत्रुओं की पराजय होगी। कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होंगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। शुभांक-3-6-8

धनु (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे) — उच्च मनोबल रखकर कार्य करें, सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। शुभांक-2-4-6

मकर (भो जा जी खी खू खे खो गा गी) — आत्मीय जनों से मिलन होगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। शुभांक-6-7-9

कुंभ (गू गे गो सा सी सू से सो दा) — घर-परिवार में प्रसन्नता व सहयोग का वातावरण बनेगा। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-2-4-5

मीन (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची) — शांतिपूर्वक नित्य कार्य करे। संतान की प्रगति से संतोष होगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ में समय व्यतीत होगा। श्रम अधिक करना पड़ सकता है। वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते है। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। पारिवारिक तनाव, अलगाव का सामना करना पड़ सकता है। शुभांक-1-3-5

फिल्म वर्ग पहेली- 6057

ऊपर से नीचे:-

बायें से दायें:-

[illegible]

फिल्म वर्ग पहेली- 6056

[illegible]

Jagrutidaur.com, Bangalore

सांस की एलर्जी, रेशा, दमा-अस्थमा के कारण, लक्षण व रामबाण देसी नुस्खा

किसी भी मौसम में पुराना रेशा, जुकाम, खांसी, सांस की एलर्जी, दमा, अस्थमा के मरीजों को ज्यादा मुश्किलों का सामना करना पड़ता है किसी भी मौसम में पुराना रेशा, जुकाम, खांसी, सांस की एलर्जी, दमा, अस्थमा के मरीजों को ज्यादा मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। दमा-अस्थमा किसी भी आयु के इन्सान को हो सकता है। स्त्री, पुरुष बुजुर्ग हों या बच्चे। ड्ढाह्र के अनुसार पूरी दुनिया में 339 मिलियन ज्यादा लोग इस रोग से पीड़ित हैं। पुराने बुजुर्गों के अनुसार जिनके शरीर की प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होती है, उन्हें इन समस्याओं से ज्यादा जूझना पड़ता है।

जानें क्या है दमा अस्थमा?

दमा फेफड़े की श्वास नली से जुड़ी बीमारी है, जिसमें श्वसन नली में सोजिश आ जाती है और श्वसन नली सिकुड़ जाती है। इस बीमारी से पीड़ित व्यक्ति सांस लेने में दिक्कत आती है। अस्थमा के मरीजों को कई बार कफ (रेशा) बाहर नहीं निकलता तो मरीजों को काफी परेशानी होती है। कई लोगों को धूल मिट्टी की अलर्जी, मौसम में बदलाव, दवाईआं, परफ्यूम, धूप अगरबत्ती के धुएं से एलर्जी हो जाती है।

लक्षण

बार-बार खांसी आना, सांस लेते वक्त सीटी की आवाज निकलना, छाती में जकड़न व भारीपन, सांस फूलना, खांसी लेते वक्त परेशानी होना, रेशा बाहर न निकलना, गले का सूखना और बेचैनी होना। %रोशन हेल्थ केयर% के तजरबेकार डॉक्टरों ने एक ऐसी आयुर्वदिक दवाई तैयार की है जिसके सेवन से आप इस समस्या को खत्म कर सकते हैं।

परहेज

मरीज को बारिश, सर्दी, धूल मिट्टी की जगह से बचना चाहिए। ज्यादा ठंडे और गर्म वातावरण में नहीं रहना चाहिए। घर से बाहर जाते वक्त मास्क का प्रयोग करना चाहिए। ताजा पेंट, कीटनाशक स्प्रे, अगरबत्ती, परफ्यूम, ज्यादा मीठा, ठंडा पानी, कोल्ड ड्रिंक, फासट-फूड का सेवन कम से कम करना चाहिए।

शुद्ध आयुर्वेदिक इलाज

क्या आप भी पुराने रेशा, जुकाम, खांसी, बलगम, सांस की अलर्जी, कानों में सां-सां की आवाज, दमा-अस्थमा आदि रोगों से परेशान हो चुके हैं। क्या हर जगह की दवाइयां खाकर परेशान हैं तो आप निराश न हों। शुद्ध आयुर्वेदिक जड़ी बूटियां खास देसी दवाई, जिसका देश विदेशों में बैठे हजारों मरीज लाभ उठा रहे हैं। दमा-असथमा से होने वाली समस्याओं के लिए वरदान साबित हो रही है यह देसी दवाई। हर उम्र के स्त्री, पुरुष तथा बुजुर्ग इस दवाई का सेवन कर सकते हैं। सिर्फ 15 दिनों में ही इस दवाई का असर देखने को मिलेगा।इसके अलावा पुरानी से पुरानी बवासीर खूनी या बादी, मौके निकलना, भगंदर, महिलाओं के रोगों लिकोरिया (सफेद पानी)चमड़ी रोग, जोड़ों के दर्द, वजन बढ़ाने या घटाने, पुरुषों के पुरानों रोग, धांत गिरना, स्वप्न दोष, शीघ्रपतन, जोश की कमी और नसों का ढीलापन, कम शुक्राणु समस्या , बढ़ती उम्र या शुगर से आई मर्दाना कमजोरी का खास आयुर्वेदिक इलाज।

सूडोकु नवताल- 6580

★★★★☆ कठिन

4							1	8
			6	7				2
			8					
	8	5						
	2			1			7	
						3	5	
					5			
1				4	7			
9	6							4

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -6579 का हल

1	9	7	4	8	6	2	3	5
4	5	3	9	1	2	7	6	8
2	6	8	7	3	5	9	1	4
5	3	1	2	7	9	4	8	6
9	2	4	8	6	1	5	7	3
7	8	6	5	4	3	1	9	2
3	4	9	6	2	7	8	5	1
6	7	2	1	5	8	3	4	9
8	1	5	3	9	4	6	2	7

विचार प्रवाह

जीवन में कैसी भी परिस्थितियां आएं आंसू बहाकर कमजोर मत बनो। परिस्थिति के अनुसार मनोस्थिति बना लो। जीवन के आधे दुख आज अभी इसी वक्त खत्म हो जाएंगे। जीवन में बुरे दिन केवल बुरे लोगों के नहीं आते, अच्छेलोगों के भी आते हैं। राम कृष्ण, बुद्ध महावीर के जीवन में भी आए फिर तुम किस खेत की मूली हो, अरे तुम तो मूली भी बहुत मामूली हो।।

-मुनिश्री तरुण सागर

शब्द पहेली - 7609

बाएँ से दाएँ

1. तन, शरीर-3
3. चकोर, चंद्रप्रेमी पक्षी-3
6. झगड़ा, द्वेष-3
7. मोटा आटा-2
8. खिंचाव, स्वर विस्तार-2
9. असली, शुद्ध-3
10. यंत्रशाला-4
12. कार्यविधि-3
14. चिंगारी-3
16. एक कंद जिसे सुखा कर सौंठ बनाई जाती है-4
18. दूल्हे की पगड़ी-3
20. सम्मान-2
21. प्राण, जीवन तत्व-2
22. कुशल, होनहार-3
24. राशिचक्र की एक राशि-3
25. प्रेमी, साजन- 3

ऊपर से नीचे

2. अवलोकन, दरस-3
3. चलने का ढंग-2
4. तलघर-4
5. इस पर रोटी सेंकते हैं-2
6. जलजला-3
7. रसीला, रस से भरपूर-4
8. बल, जोर, दम-3
10. चाचा, अंकल-2
11. शौहर, पति-3
13. 'दीवाने हुए पागल' की नायिका-2,2
14. वहम, संदेह-3
15. राजा, सम्राट-3
16. उपद्रवी, आतंकी-4
17. गिरवी रखी वस्तु-3
20. बैठने की जगह-3
21. शराब का प्याला-2
23. रांझे की प्रेमिका-2

शब्द पहेली -7608 का हल

Jagrutidaur.com, Bangalore

70 हजार बिजली कर्मी स्ट्राइक पर, कामों का बहिष्कार

भोपाल यशभारत। मध्यप्रदेश के 70 हजार से ज्यादा बिजलीकर्मी मंगलवार से हड़ताल पर चले गए हैं। यूनाइटेड फोरम फॉर पावर इंप्लाइज एवं इंजीनियर्स के बैनरतले वे कामों का बहिष्कार भी करेंगे। न तो लाइन फॉल्ट सुधारेंगे और न ही नए बिजली कनेक्शन देने की प्रोसेस करेंगे। ऐसे में आम लोगों के सामने मुश्किलें बढ़ जाएंगी। आउटसोर्स कर्मचारी पहले ही हड़ताल पर चल रहे हैं। जिसका समर्थन भी यूनाइटेड फोरम कर चुका है। संविदा एवं आउटसोर्स कर्मचारी 21 जनवरी से अनिश्चितकालीन आंदोलन कर रहे हैं। यूनाइटेड फोरम ने उनका समर्थन किया है। फोरम के प्रवक्ता लोकेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि आज अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार किया जा रहा है। प्रदेश के बोर्ड, नियमित, संविदा एवं आउटसोर्स कर्मी अपनी मांगों को पूर्ण कराने के संबंध में महाआंदोलन में शामिल होंगे। भोपाल के गोविंदपुरा में धरना प्रदर्शन करेंगे।लाइन फॉल्ट होने पर उसे सुधारने के लिए अमला नहीं पहुंचेगा। इस कारण लोग परेशान होंगे। नए बिजली कनेक्शन नहीं दिए जाएंगे। इस कारण लोगों को नए कनेक्शन के लिए इंतजार करना प?ेगा।

लाइन फॉल्ट भी नहीं सुधारेंगे

बिजली बिलों की वसूली भी नहीं हो सकेगी।
पेट्रोलिंग, सर्वे के काम नहीं होंगे।
संविदा बिजलीकर्मियों को तुरंत नियमित किया जाए।
आउटसोर्स कर्मचारियों को संविलियन करते हुए कार्यावधि एवं वरिष्ठता के अनुसार वेतनवृद्धि प्रदान करते हुए उनके भविष्य को सुरक्षित करने की नीति बनाई जाए। 20 लाख रुपए तक दुर्घटना बीमा भी कराया जाए।
पुरानी पेंशन बहाल की जाए। ताकि, रिटायरमेंट के बाद कर्मचारी और उनके परिवार का भविष्य सुरक्षित हो सके।
वेतन विसंगतियों को दूर करने के लिए कमेटी बनाई जाए।
कई वर्षों से लंबित फ्रिंज बेनिफिटस का पुर्ननिरीक्षण करते हुए सभी अधिकारी-कर्मचारियों एवं पेंशनर्स के लिए केसलेस मेडिक्लेम पॉलिसी लागू की जाए।

बीयू ने सीयूईटी से पिछली बार सिर्फ 5 यूजी कोर्स में दिए थे एडमिशन

भोपाल यशभारत। बरकतउल्ला विश्वविद्यालय (बीयू) सत्र 2022-23 में अपने यूनिवर्सिटी टीचिंग डिपार्टमेंट्स (यूटीडी) में संचालित अंडर ग्रेजुएशन (यूजी) प्रोग्राम्स के अलावा पोस्ट ग्रेजुएशन में भी कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी) के माध्यम से एडमिशन देने का प्लान बनाया है। इसके लिए विश्वविद्यालय ने तैयारी शुरू कर दी है। इसी सप्ताह में सभी एचओडी के साथ बैठक की जाएगी, जिसमें अंतिम रूप से निर्णय लिया जाएगा। यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन (यूजीसी) ने सीयूईटी यूजी/पीजी-2023 के लिए सभी विश्वविद्यालयों को सूचना जारी कर दी गई है। इसके बाद बीयू ने भी आगामी सत्र में एडमिशन के लिए रूपरेखा तैयार करना शुरू कर दिया है। पिछले सत्र में बीयू ने 5 डिपार्टमेंट के तहत सिर्फ 5 यूजी कोर्स में सीयूईटी-2022 के एडमिशन दिए थे। सीयूईटी में हुई देरी के कारण एडमिशन देर तक हुए। स्थिति यह बनी थी कि सभी कोर्स में एडमिशन नहीं हो सके। सीट भरने के लिए बीयू के लॉ डिपार्टमेंट के अंतर्गत संचालित बीएएलएलबी में भी कक्षा-12वीं के आधार पर एडमिशन देने पड़े। बीएएलएलबी के अलावा बीए, बीकॉम और दो बीएससी प्रोग्राम्स में सीयूईटी से एडमिशन दिए।

बीयू के करीब 23 टीचिंग डिपार्टमेंट में करीब 40 पीजी प्रोग्राम संचालित होते हैं। इनमें समाजशास्त्र, एजुकेशन, योगा साइंस, हिंदी, मनोविज्ञान, इकोनॉमिक्स आदि जैसे 18 एमए प्रोग्राम हैं। इसी तरह एमएससी फिजिक्स, इलेक्ट्रानिक्स, जेनेटिक्स, बायोसाइंस, बॉटनी आदि जैसे 17 एमएससी प्रोग्राम्स संचालित होते हैं। इनके अलावा एमकॉम भी संचालित है।

अब अगले सत्र से पीजी में भी देने की तैयारी

बीयू में सीयूईटी की को-ऑर्डिनेटर डॉ. मोना पुरोहित का कहना है कि यूजीसी को बताना होता है कि विवि में संचालित किन प्रोग्राम्स में प्रवेश दिए जाएंगे। इसके लिए प्रोग्राम्स की च्वाइस देनी होती है। कोशिश है कि सीयूईटी के आवेदन शुरू हों, इससे पहले यह प्रक्रिया पूरी की जाएगी।
यूजीजी का नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) के माध्यम से सीयूईटी यूजी-2023 के लिए आवेदन की प्रक्रिया फरवरी पहले सप्ताह में शुरू किए जाने का प्लान है। परीक्षा 21 से 31 मई में आयोजित कराया जाएगा। इसी तरह सीयूईटी पीजी-2023 का आयोजन 1 से 10 जून तक आयोजित किया जाएगा।

भोपाल समेत 25 जिलों में वाहन- 4 से कमर्शियल वाहनों का रजिस्ट्रेशन शुरू

भोपाल , ईएमएस। भोपाल समेत प्रदेश के 25 जिलों में अब जो भी नए कमर्शियल वाहन खरीदें जाएंगे उनका रजिस्ट्रेशन नेशनल इंफॉर्मेटिक सेंटर (एनआईसी) के वाहन-4 के माध्यम से ऑनलाइन हो सकेगा। इन वाहनों के परमिट व फिटनेस जारी करने का काम भी ऑनलाइन ही होगा। हालांकि प्रदेश में चल रहे पुराने कमर्शियल वाहनों का डाटा, वाहन-4 पर ट्रांसफर होने के बाद ही रिन्यूअल ऑफ रजिस्ट्रेशन, ट्रांसफर, एनओसी जैसे कार्य किए जा सकेंगे।इसमें करीब दो महीने का समय लगेगा। ट्रांसपोर्ट कमिश्नर एसके झा का कहना है कि होशंगाबाद में पायलट प्रोजेक्ट के बाद राजधानी में भी वाहन-4 के माध्यम से कमर्शियल वाहनों के रजिस्ट्रेशन होने लगे हैं। भोपाल आरटीओ में रोजाना 30 से 50 तक कमर्शियल वाहनों के रजिस्ट्रेशन, ट्रांसफर, एनओसी आदि के लिए जाते हैं, लेकिन इसके लिए वाहन स्वामी को अपनी गाड़ी और दस्तावेज लेकर फिजिकल वेरिफिकेशन के लिए पहुंचना पड़ता है। अब नई प्रक्रिया से यह समस्या खत्म हो जाएगी।

11 सूत्रीय मांगों को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

भोपाल यशभारत। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं ने सोमवार को अपनी 11 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। जिले की लगभग डेढ़ हजार से अधिक कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं ने सुबह 11 बजे कलेक्ट्रेट का घेराव करने पहुंची, जिन्हें वहां मौजूद पुलिस बल ने बाहर ही रोक दिया और कलेक्ट्रेट में अंदर नहीं जाने दिया। वह अपनी मांगों को लेकर शाम चार बजे तक धरना देती रहीं। यह धरना-प्रदर्शन मध्यप्रदेश आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका संघ के नेतृत्व में किया गया था।संघ के विभाग प्रमुख कमलेश नागपुरे ने बताया कि कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं अपनी 11सूत्रीय मांगों को लेकर नीलम पार्क में धरना देने की अनुमति चाह रहीं थी, लेकिन उन्हें अनुमति नहीं मिली। इससे वह सोमवार को कलेक्ट्रेट के बाहर पहुंची और धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया था। इस दौरान संघ के महामंत्री मधुकर सांबले, जिला मंत्री हीरा रानवे भी मौजूद थे। उन्हें अनुमति मिल गई है, इससे वह मंगलवार को नीलम पार्क में प्रदर्शन करेंगी।

ये हैं प्रमुख मांगें

- मध्यप्रदेश महिला एवं बाल विकास विभाग के तहत सभी को शासकीय कर्मचारी घोषित किया जाए। 1500 रुपये एरियर्स का भुगतान किया जाए।
- राज्य सरकार को केंद्र सरकार से समंवय कर नियमित करने के साथ ही सीधी भर्ती की जाने की नियमावली बनाए।- सभी को महंगाई भत्ता कम से कम 2500 से 12500 रुपये भुगतान किया जाए। - पांच लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा कराया जाए।- अन्य किसी कार्य में ड्यूटी न लगाई जाए। विभागीय एप और संपर्क एप को मर्ज करके एक ही एप से कार्य कराया जाए।- किराया बढ़ाकर दिया जाए।15 दिन का ग्रीष्मकालीन अवकाश दिया जाए।- पर्यवेक्षक पद पर सीधी भर्ती की जाए, मध्यप्रदेश के बाहर के आवेदन स्वीकार न किए जाएं। सभी केंद्रों को पूर्ण केंद्र बनाया जाए। - सेवानिवृत्त होने पर क्रमशः एक लाख, 75 हजार रुपये तक राशि प्रदान की जाए।

अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव में भोपाल ने बनाया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड,50 मिनट में 1,484 बच्चों ने बनाया एग्रो रोबोट में हुआ कवि सम्मेलन

भोपाल , यशभारत। दो तत्वों के मिलन का उत्सव है हम सबका जीवन...ज भोपाल के मैनिट में सोमवार को कुछ ऐसी ही पंक्तियां सुनाई दीं। यहां चल रहे अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव में विज्ञान कवि सम्मेलन आयोजित किया गया। इसमें कवियों ने विज्ञान से जुड़े विषयों पर कविताएं और गजलें पेश कीं। कविताओं के जरिए उन्होंने विज्ञान के कठिन विषयों को आम लोगों तक पहुंचाने की कोशिश की। अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव में चविज्ञान साहित्य महोत्सवज का आयोजन भी हो रहा है। इसमें विज्ञान के साहित्य को लेकर कई परिचर्चाएं आयोजित हो चुकी हैं। इसी कड़ी में सोमवार को यहां विज्ञान कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ।जलवायु परिवर्तन, ज्वालामुखी जैसे विषयों पर कविताएं पढ़ी कवियों ने इस सम्मेलन में अमीबा, पायथगोरस, जलवायु परिवर्तन, ज्वालामुखी, रोबोट, सोलर सिस्टम जैसे तमाम तकनीकी विषयों पर कविताएं पढ़ीं। सम्मेलन में पंकज प्रसून, मोहन सगोरिया, डॉ. दिनेश चमोला, ओम प्रकाश यादव, विशाल मुलिया, सुभ्रता मिश्रा, सुधीर सक्सेना, शुचि मिश्रा और सारिता घारू जैसे जाने माने विज्ञान कवि शामिल हुए।विज्ञान कवि सम्मेलन अध्यक्षता रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. संतोष चौबे ने की। मुंबई से आए अभिनेता और कवि नीलेश मिश्रा उनके साथ सह-अध्यक्ष रहे। दिल्ली से आए सुधीर सक्सेना भी मौजूद रहे। वहीं, गुजरात से आए विशाल मुलिया जीव विज्ञान के शिक्षक हैं। इसके साथ ही वे कवि और कार्टूनिस्ट भी हैं। कवि मोहन सगोरिया मध्यप्रदेश से निकलने वाली पत्रिका च्इलेक्ट्रॉनिकी आपके लिएज के सह संपादक हैं। वहीं दिनेश चमोला उत्तराखंड संस्कृत विश्वविद्यालय के पूर्व डीन, मुख्य प्रॉक्टर और विभागाध्यक्ष रहे हैं।

मैनिट में चल रहा है महोत्सव
इस कार्यक्रम का आयोजन भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने पृथ्वी विज्ञान और परमाणु मंत्रालय, परमाणु ऊर्जा विभाग और विज्ञान भारती के साथ मिलकर कराया। अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव का ये आठवां संस्करण भोपाल के मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (मैनिट) में हो रहा है।

भोजपाल नाम नहीं हो जाता, तब तक भोपाल नहीं आऊंगा :जगद्गुरु रामभद्राचार्य

भोपाल ईएमएस। भोपाल में श्रीराम कथा के पहले दिन जगदगुरु रामभद्राचार्य महाराज ने कहा, जब तक भोपाल का नाम भोजपाल नहीं होता, तब तक अगली कथा करने नहीं आऊंगा। भोजपाल नगरी के राजा भोज पालक थे। जब सरकार होशंगाबाद का नाम नर्मदापुरम कर चुकी है। इलाहाबाद का नाम प्रयागराज हो गया है, फैजाबाद का नाम बदलकर अयोध्या कर दिया गया है, तो भोपाल का नाम बदलकर भोजपाल क्यों नहीं किया जा सकता? मैं अपने अनुज मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से कहूंगा कि विधानसभा चुनाव के पहले इसका नाम बदल दें। भेल दशहरा मैदान में नौ दिवसीय श्रीराम कथा 31 जनवरी तक चलेगी। कथा की शुरुआत सीताराम संकीर्तन से हुई। श्रीराम कथा के दौरान जगदगुरु रामभद्राचार्य महाराज ने बताया कि वे अभी तक 1360 कथा कर चुके हैं। भोपाल में होने वाली कथा 1361वीं है। बता दें, जगदगुरु रामभद्राचार्य महाराज बागेश्वर धाम के पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के गुरु हैं।

सेना के पूर्व सूबेदार के इकलौते बेटे ने कनपटी पर पिस्टल रख खुद को गोली मारी मौत

भोपाल, ईएमएस। राजधानी के खजूरी सड़क इलाके में स्थित आफिसर टाउन कॉलोनी भौंरी में सेना के पूर्व सूबेदार के इकलौते बेटे ने कनपटी पर पिस्टल रखकर खुद गोली मारकर ली। घटना सोमवार दोपहर करीब दो से ढाई बजे करीब की है। पिता उसे भैंसाखेड़ी स्थित निजी अस्पताल लेकर पहुंचे थे, जहां डाक्टर ने प्राथमिक जांच में ही उसे मृत घोषित कर दिया।जांच में पुलिस ने पाया है कि उसका सुबह माता-पिता से विवाद हुआ था और इस बात को लेकर वह दुखी था। घटना के पहले वह पिता से फोन पर बात भी कर रहा था। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है। खजूरी सड़क थाने के सब इंस्पेक्टर शिवेंद्र मिश्रा के मुताबिक अमनदीप सिंह (24) आफिसर कालोनी भौंरी में रहता था। अमनदीप के पिता प्रदीप सिंह सेंगर सेना से दो साल पहले ही सेवानिवृत्त हुए हैं और बैरागढ़ के राजदीप अस्पताल में नौकरी करते हैं।

प्रदीप के परिवार में पत्नी रेखा सेंगर के अलावा इकलौता बेटा अमन दीप ही था। अमन फिलहाल कोई काम नहीं करता था। प्रदीप सिंह सोमवार सुबह अस्पताल चले गए थे। घर पर उनकी पत्नी रेखा सेंगर और बेटा अमनदीप था। दोपहर करीब ढाई बजे के आसपास अमनदीप घर से कुछ दूरी पर स्थित पार्क पहुंचा। वह अपने साथ पिता की पिस्टल लेकर गया था। उसने पिता को फोन कर सिर्फ इतना ही कहा था कि पापा अब अपनी रिवाल्वर संभालकर रख लेना। इसके बाद उसने फोन काट दिया था। इसके बाद पिता ने घर पर पत्नी को फोन कर अमनदीप की जानकारी ल, लेकिन वह नहीं मिली।

पिता लेकर पहुंचे अस्पताल

इधर, बेटे से बात करने समय फोन कटने के बाद प्रदीप ने अमनदीप को दोबारा से फोन किया, लेकिन वह फोन नहीं उठा रहा था। अनहोनी की आशंका होने पर वह कार से घर लौटे और पत्नी से अमन के बारे में पूछा। पत्नी ने उन्हें बताया कि कुछ देर पहले ही वह घर से निकला है। उन्होंने नौकर से भी पूछा, बाद वह अमन की तलाश में घर से बाहर निकले और घर से कुछ दूरी पर ही पार्क में लगी बेंच पर उन्हें अमनदीप खून से लथपथ प?ा हुआ नजर आया। वह उसे तत्काल भैंसाखेड़ी स्थित निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां डाक्टर ने प्राथमिक जांच में ही अमनदीप को मृत घोषित कर दिया।

हमीदिया में सुपर स्पेशियलिस्ट सर्जन्स को नहीं दी जा रही ओटी, डेढ़ महीने में बिना ऑपरेशन लौटाए 300 मरीज

भोपाल, ईएमएस। हमीदिया अस्पताल में पिछले डेढ़ महीने से गंभीर बीमारियों से पी?त 300 मरीजों के ऑपरेशन नहीं हुए हैं। इन्हें बिना सर्जरी के लौटाया जा चुका है। सबसे ज्यादा परेशान प्लास्टिक सर्जरी, यूरोलॉजी और न्यूरोलॉजी डिपार्टमेंट में आने वाले मरीज है। हालात यह हैं कि मरीजों को 2 से 3 हफ्तों तक भर्ती करके रखा जा रहा है या बिना ऑपरेशन लौटाया जा रहा है। हमीदिया के डॉक्टर्स का कहना है कि सुपर स्पेशियलिटी के सर्जन्स को ऑपरेशन करने के लिए ओटी ही नहीं दी जा रही हैं। जिसके कारण राजधानी और आसपास के शहरों से आ रहे मरीज परेशान हैं। अस्पताल प्रबंधन के प्रबंधन के इस गैर जिम्मेदाराना रवैये से नाराज होकर नेफ्रोलॉजी डिपार्टमेंट से स्पेशलिस्ट सर्जन डॉ. चैतन्य कुलकर्णी नौकरी छोड़कर चले गए। जबकि अभी 3 और स्पेशलिस्ट सर्जन छोड़ने की तैयारी में हैं।रोज 5-6 ओटी चाहिए, लेकिन एक भी नहीं मिलती स्पेशियलिस्ट सर्जन्स की मानें तो राजधानी समेत दूसरे शहरों से भी हररोज गंभीर मरीज सर्जरी के लिए आते हैं। एक दिन में 10-12 मरीजों को सर्जरी की जरूरत होती है। ऐसे में रोज 4-5 ओटी सुपर स्पेशलिस्ट सर्जन को चाहिए, लेकिन एक भी ओटी नहीं दी जा रही है। नई बिल्डिंग में शिफ्टिंग के कारण सभी की ओटी प्रभावित हुई हैं। अब ओटी शिफ्ट हो गई हैं। सभी को ओटी दी जाएंगी, ताकि किसी मरीज को परेशानी न हो।

कांग्रेस कर रही 100 रुपये में 100 यूनिट बिजली योजना का दायरा बढ़ाने का वादा

भोपाल ईएमएस। मध्य प्रदेश में कांग्रेस ने चुनावी वादे करना शुरू कर दिए हैं। वचन पत्र तैयार किया जा रहा है। इसमें महंगाई, बेरोजगारी, कानून व्यवस्था से लेकर हर वर्ग को साधने का प्रयास होगा। कांग्रेस सरकार में आई तो सौ रुपये में सौ यूनिट बिजली का दायरा बढ़ाया जाएगा। पार्टी ने इस योजना का वादा पिछले विधानसभा चुनाव में किया था। कांग्रेस की तत्कालीन कमल नाथ सरकार ने इंदिरा गृह ज्योति योजना लागू की गई थी। अब इसका दायरा बढ़ाने की बात कही जा रही है। इसके लिए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमल नाथ ने वचन पत्र समिति को अध्ययन करके रिपोर्ट देने के लिए कहा है। प्रदेश में अभी घरेलू उपभोक्ताओं को सौ रुपये में सौ यूनिट बिजली मिल रही है। इसके लिए शिवराज सरकार ने भी बजट में तीन हजार करोड़ रुपये का प्रविधान रखा है। कांग्रेस ने वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव में किसानों की ऋण माफी और महंगी बिजली दर से राहत देने का वादा किया था। कमल नाथ ने सरकार में आने पर ऋण माफी और इंदिरा गृह ज्योति योजना लागू की थी। 80 लाख उपभोक्ताओं को सौ रुपये में सौ यूनिट बिजली दी गई। साथ ही किसानों के लिए इंदिरा कृषि ज्योति योजना लागू की थी। बड़े वर्ग से जुड़ी इन योजनाओं को शिवराज सरकार ने भी जारी रखा। अब कांग्रेस इस बात पर विचार कर रही है कि घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को महंगी बिजली से राहत देने के लिए सौ रुपये में सौ यूनिट के स्थान पर दो सौ यूनिट तक बिजली दी जाए। इसके लिए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमल नाथ ने वचन पत्र समिति के सदस्यों से कहा है कि वे इस पर विचार करें। ऊर्जा विभाग और विद्युत नियामक आयोग के सेवानिवृत्त अधिकारियों से चर्चा करें और अन्य राज्यों की व्यवस्था का भी अध्ययन करें।

निजी कालेज के एमडी-एमएस विद्यार्थियों के लिए भी अनिवार्य होगा 3 माह का प्रशिक्षण

भोपाल यशभारत। एमडी-एमएस (स्नातकोत्तर) के दौरान जिला अस्पतालों में तीन माह का प्रशिक्षण निजी मेडिकल कालेजों के विद्यार्थियों के लिए भी अनिवार्य होगा। 2021 बैच से पीजी में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों पर यह नियम लागू होगा। जिला अस्पतालों में प्रशिक्षण के लिए ज्यादा विद्यार्थी होने पर कुछ को सौ बिस्तर से अधिक के सिविल अस्पतालों या सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में भी भेजा जा सकेगा। राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग (एनएमसी) ने दो दिन पहले एक परिपत्र के माध्यम से यह स्पष्टीकरण जारी किया है। बता दें कि एनमएसी ने सितंबर 2020 में डिस्ट्रिक्ट रेसीडेंसी प्रोग्राम (डीआरपी) का प्रविधान कर दिया था, पर इसमें कुछ बिंदुओं पर भ्रम की स्थिति थी, जिसे स्पष्ट किया गया है। हालांकि, जूनियर डाक्टर इसका विरोध कर रहे हैं।

एमडी-एमएस द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों को प्रशिक्षण पर भेजने का लाभ मरीजों को भी मिलेगा। जिला अस्पतालों में चिकित्सकों की कमी है। जूनियर डाक्टरों के रहने से ओपीडी, वार्ड, आपरेशन थियेटर और ट्रामा एवं आपातकालीन यूनिट में डाक्टरों की कमी दूर हो सकेगी। खासतौर पर जिस विषेज्ञता के जूनियर डाक्टर होंगे उसके मरीजों के लिए और सुविधाजनक हो जाएगी। एनएमसी ने यह भी साफ किया है प्रशिक्षण अवधि में विद्यार्थियों के लिए आवास और यातायात की व्यवस्था संबंधित जिला अस्पताल प्रबंधन को करनी होगी।यह भी कहा गया है कि हर जिला अस्पताल में इसके लिए एक समन्वयक बनाना होगा। किसी अस्पताल में उस विशेषज्ञता का चिकित्सक नहीं है तो प्रशिक्षण अवधि के लिए दूसरे जिला अस्पताल से किसी को समन्वयक के तौर पर पदस्थ करना होगा।

बसंत पंचमी से भरेगा विजयनाथधाम बरही में मेला

महाशिवरात्रि तक उमड़ती है ग्रामीणों की भारी भीड़

कटनी, बरही/यशभारत। भोलेनाथ का एक ऐसा दिव्य दरबार, जहां पहुँचने से अपार शांति मिलती है, उमंग, उल्लास का एक नया संचार प्राप्त होता है, यह दिव्य दरबार कटनी जिले के बरही नगर स्थित विजयनाथधाम का है, जहां विराजे स्वयंभू भगवान भोलेनाथ की अपार कृपा बरसती है। बसंत पंचमी से यहां विशाल मेला लगता है, जो कटनी जिले का सबसे अधिक समय तक लगने वाला ऐतिहासिक मेला है। कटनी जिले का सबसे विशाल मेला धार्मिक नगरी विजयनाथधाम बरही में इस बार 26 जनवरी यानी बसंत पंचमी से परंपरानुसार प्रारंभ होगा, जो महाशिवरात्रि को भोलेनाथ की दिव्य बारात का स्वागत करने के साथ समापन की बेला में पहुँचेगा। मेले की तैयारी को लेकर नगर परिषद में बैठक भी हो चुकी है। पूर्व की तरह इस बार भी मेला की नीलामी नही होगी।

दूर-दूर से दुकान लगाने पहुँचते है दुकानदार

26 जनवरी से प्रारम्भ होगा मेला

2 दिन बाद 26 जनवरी बसंत पंचमी से मेला का आगाज होगा, मीना बाजार, झूले-हिंडोले, दुकानें सजने लगी है। सोमवार 23 जनवरी से मेला ग्राउंड की सफाई का कार्य भी नगर परिषद द्वारा प्रारम्भ कर दिया गया है। हालांकि इस बार मेला को लेकर बेसब्री से दुकानदार इंतजार कर रहे है। बहरहाल यहां सारे इंतजाम नगर परिषद बरही के द्वारा किया जाता है। बिजली, पानी, साफ-सफाई पार्किंग आदि।

25 दिनों तक उमड़ती है भीड़

विजयनाथधाम बरही का मेला लगातार 25 दिनों तक चलता है, जहां हर दिन भारी भीड़ उमड़ती है। मेले में सबसे बड़ी खासियत यह है कि यहां झूले-हिंडोले, मीना- बाजार, मनोरंजन की सामग्रियों के साथ ही गाय-बैल बाजार भी लगता है। जरूरत की हर वस्तु यहां उपलब्ध रहती है। कुल मिलाकर 1 माह के लिए एक नया नगर बस जाता है।

स्थापना काल से भर रहा मेला

विजयनाथधाम में विराजे भोलेनाथ स्वयंभू है। जानकार बताते है कि लगभग 90 वर्ष आजादी के पूर्व सूर्य सनातन की पहाड़ियों से भगवान विजयनाथ प्रकट हुए थे, जिनकी स्थापना काल से ही यहां मेला लगना प्रारम्भ हुआ था, जो अनवरत जारी है। जानकार बताते है कि यहां के एक थानेदार के स्वप्न में भोलेनाथ आए थे, पहाड़ी में दबे होने का स्वप्न आने पर तात्कालीन थानेदार श्री पांडेय ने खुदाई कराई तो भोलेनाथ प्रकट हुए।

श्रद्धा भाव से मनाई रामहर्षणदास महाराज की पुण्य तिथि

विजयराघवगढ़, यशभारत। श्री रामहर्षण कुंज मंदिर स्थित श्री मिथिला वल्लभ लाडिली लाल जू मंडपम में साकेतवासी पंचरसाचार्य स्वामी श्री रामहर्षणदास जी महाराज की पुण्य तिथि श्रद्धा भाव से पुजारी श्याम जी महाराज द्वारा शोडशोपचार पूजन महाआरती सुमधुर भजनों के साथ उपस्थित भगवद भक्तों को भंडारे का प्रसाद ग्रहण कराया गया। ज्ञात हो कि परम पूज्य महाराज जी इस भूमंडल में जन्म लेकर के अवध वास करते हुए अपनी अखंड साधना शक्ति से भक्ति रस का वर्षण चतुर्दिक किया। ऐसे महिमावान संत की पुण्य तिथि पर हम सब श्रद्धावनत हैं। कार्यक्रम में श्रीमती उर्मिला मिश्रा, विनोद मिश्रा, शिवकुमार पांडेय, रामजियावन गौतम, राकेश उरमलिया, प्रमोद मिश्रा, श्रीमती वंदना सुरेन्द्र त्रिपाठी, विमलेन्दु पयासी, अंबुज त्रिपाठी, हरीश दुबे, रमेश खरबंडा, केशव पांडेय, जगदीश ग्रोवर, विष्णुकांत दुबे, सुरेन्द्र मिश्रा, अशोक गुप्ता, जमुना दुबे, कैलाश शर्मा, प्रशांत मिश्रा, शिवकुमार दुबे, संजय मिश्रा, पुन्नू पयासी, रामसजीवन मिश्रा, रवि सिंह परिहार सहित अन्य भक्तों की उपस्थिति रही।

शिक्षा के क्षेत्र में रोजगार के विषयों पर की चर्चा

कटनी, यशभारत। युवा कुशवाहा समाज की मीटिंग संपन्न हुई, जिसमें समाज के सदस्यों ने उपस्थित होकर समाज की रजिस्टर्ड समिति, धर्मशाला, शिक्षा के क्षेत्र में कार्य और रोजगार के विषयों पर चर्चा की, अपने विचार रखे मीटिंग में अखिलेश वर्मा, राजेश कनौजिया, सुदेश कनौजिया, अशोक कुशवाहा, मुन्ना कुशवाहा, सुरेश कुशवाहा लल्लू मामा, सुनील कुशवाहा, एडवोकेट राजेन्द्र वर्मा, लक्ष्मीकांत कुशवाहा, राजू कुशवाहा, धन्यप्रसाद कुशवाहा, रामकिशोर कुशवाहा, महेश कुशवाहा, दुर्गा कुशवाहा, संजय कुशवाहा, ज्ञानचंद कुशवाहा, अशोक कुशवाहा, लालू कुशवाहा, सुधीर कुशवाहा, संदीप कुशवाहा, सचिन कुशवाहा, शेखर कुशवाहा, डॉक्टर सचिन कुशवाहा, कृष्णा कुशवाहा, राहुल कुशवाहा, चंदन कुशवाहा उपस्थित हुए।

कला, संस्कृति के साथ अनेकता में एकता का दिया संदेश

किड्स वे एकेडमी के बच्चों ने दी उम्दा प्रस्तुतियां

कटनी, यशभारत। कला, संस्कृति, धर्म, रीति-रिवाज, माटी की महक, अनेकता में एकता का संदेश सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से स्कूल के छात्र-छात्राओं ने उम्दा प्रदर्शन किया। बरही के छोटे से गांव खन्ना में संचालित किड्स वे एकेडमी के छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां पेशकर दर्शकदीर्घा को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में अतिथियों की आसंदी पर नगर परिषद बरही के अध्यक्ष पीयूष अग्रवाल, शिक्षा रत्न पारस जैन, पूर्व विधायक सुकीर्ति जैन, रीठी कालेज के डायरेक्टर डॉ सुरेंद्र राजपूत, डॉ दीपक अग्रवाल, रामावतार अग्रवाल आदि मंचासीन रहे। वहीं स्कूल के डायरेक्टर जैनेंद्र द्विवेदी द्वारा विभिन्न आयामों में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मंच से सम्माननित किया गया। दोपहर 3 बजे से मंचीय कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ, जो रात 8 बजे तक चलता रहा। प्रतिभावान विद्यार्थियों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देख समूचा प्रांगण तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज रहा था। बड़ी संख्या में विद्यार्थियों के पैरेंट्स मौजूद रहे।

बस स्टैंड के वाटर कूलर की कराई सफाई

कटनी, यशभारत। कलेक्टर द्वारा जिले की प्राप्त समस्याओं सहित नागरिकों को मूलभूत सुविधा मुहैया कराने के भी प्रयास किए जा रहे है। विगत दिवस अव्यवस्थित बस स्टैण्ड के कारण मूलभूत सुविधाओं हेतु तरसते यात्री संबंधी जानकारी प्राप्त होने पर कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा त्वरित संज्ञान में लेते हुए नगर निगम कटनी को शिकायत के निराकरण हेतु निर्देशित किया गया। कार्यालय नगर पालिक निगम कटनी द्वारा जानकारी दी गई कि निर्देश के परिपालन में क्षेत्रीय प्रभारी द्वारा विगत दिवस बस स्टैंड यात्री प्रतीक्षालय में लगे वाटर कूलर के पाइप का सुधार कराया गया है, जिसमे वर्तमान में वाटर कूलर के माध्यम से पानी प्राप्त होने लगा है।

स्व. मित्तर सिंह ओबेरॉय स्मृति पर खेलकूद प्रतियोगिता

कटनी, यशभारत। सरस्वती श्री विष्णु वेद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खिरहनी कटनी में दो दिवसीय स्व. मित्तर सिंह ओबेरॉय स्मृति खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन विद्यालय समिति के व्यवस्थापक रामकुमार दुबे की उपस्थिति में किया गया सर्वप्रथम मां सरस्वती एवं गुरु जी का पूजन अर्चन कर विद्यालय ध्वज का ध्वजारोहण कर 100 मीटर दौड़ बालक वर्ग उच्चतर विभाग के प्रतिभागियों को हरी झंडी दिखाकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। प्रथम स्थान किशन पाल द्वितीय स्थान वंश निषाद तृतीय स्थान सौरभ कुशवाहा को व्यवस्थापक रामकुमार दुबे द्वारा मोमेंटो एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। खेल प्रभारी राजकुमार विश्वकर्मा ने बताया कि दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता में 100 मीटर दौड़ 200 मीटर रिले रेस, बाधा दौड़, त्रिटंगी दौड़, स्लो साइकिल रेस खो-खो, क्रिकेट, जलेबी दौड़, मेंढक दौड़, चम्मच दौड़, सुई धागा दौड़, रस्सी कूद आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा दूसरे दिन सभी प्रतियोगिताओं का फाइनल खेला जाएगा। कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त सभी प्रतिभागियों को अतिथियों के द्वारा सम्मानित किया जाएगा इस आयोजन में विद्यालय के आचार्य एवं भैया बहन बड़े उत्साह के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए कार्यक्रम को संपन्न कराने में अपना सहयोग प्रदान कर रहे हैं। आचार्य परिवार से श्रीमती पूनम सक्सेना वेद प्रकाश त्रिपाठी, प्रमिला दुबे, मनोज पयासी, अनुसुइया प्रसाद प्यासी, रितेश सिंह, मिथिलेश सिंह, वंदना मिश्रा, श्रवण पटेल, वर्षा सिंह, विपिनपाल सिंह, सुब्रतोदास, प्रमोदपांडे, ज्योतिपाठक, सविता शुक्ला हिमेन्द्र श्रीवास, रमेश वर्मन, मंजू भारद्वाज, वंदना शुक्ला, प्रीति मिश्रा, ज्योति गर्ग, अभिलाषा सिंह, शिवानी बडगैंया, रेनूवाला पांडे, अर्चना तिवारी, प्रिया बर्मन, जितेंद्र तिवारी, गीतिका मिश्रा, कुसुम श्रीवास्तव, अमृता प्रगति गुप्ता, दीपिका शर्मा, मीना विश्वकर्मा, प्रियंका मिश्रा की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का सफल संचालन वर्षा बर्मन गुरुशरण दुबे द्वारा किया गया।

मप्र राजपत्रित अधिकारी संघ के अध्यक्ष बने डॉ. मनीष मिश्रा

कटनी, यशभारत। मध्यप्रदेश राजपत्रित अधिकारी संघ के प्रांताध्यक्ष इंजीनियर डी के यादव द्वारा डॉ मनीष मिश्रा शिशु रोग विशेषज्ञ को मध्यप्रदेश राजपत्रित अधिकारी संघ जिला कटनी का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। डॉ मनीष द्वारा कहा गया कि संगठन द्वारा मुझ पर किए गए विश्वास पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगा। शीघ्र ही जिला कार्यकारिणी घोषित कर संगठन को मजबूती प्रदान की जाएगी। जिले के सभी राजपत्रित अधिकारियों, मित्रों एवं शुभचिंतकों ने डॉ मनीष मिश्रा को बधाई दी है।

वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश युवा महामंत्री बने आशीष

कटनी, यशभारत। वैश्य महासम्मेलन मध्य प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष उमाशंकर गुप्ता के निर्देशानुसार युवा प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता प्रिंस द्वारा आशीष जैन कटनी को प्रदेश महामंत्री एवं सागर संभाग सह प्रभारी पद पर नियुक्त किया गया है। वैश्य महासम्मेलन कटनी की सभी इकाई द्वारा आशीष जैन को बधाई प्रेषित कर उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई है।

ग्राम डूड़ी एवं पिपरिया सहलावन में निकली आनंद उत्सव यात्रा

कटनी, यशभारत। आनंद विभाग की जिला स्तरीय टीम द्वारा शनिवार को आनंद उत्सव यात्रा 2023 विकासखंड ढीमरखेड़ा के ग्राम डूड़ी एवं पिपरिया सहलावन में आयोजित की गई। आयोजित यात्रा के दौरान उपस्थित ग्रामवासियो को आनंद उत्सव के प्रति जागरूकता हेतू एवं आनंद विभाग द्वारा किए जा रहे विभिन्न कार्यों की जानकारी दी गई। इस दौरान लघु नाटिका के माध्यम से ग्रामीणो को जागरूक करने के प्रयास किये गए। आनंद उत्सव यात्रा को सफल बनाने में आनंद विभाग की जिला स्तरीय टीम के साथ जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक बालमुकुंद मिश्रा एवं बबिता शाह, सहित जन अभियान परिषद ढीमरखेड़ा टीम के सदस्यों की उपस्थिति एवं सहयोग रहा।

कलेक्टर का दौरा बना ग्रामीणों के लिए वरदान

बिलहरी तपोभूमि में शुरू हुए विकास कार्य

कटनी, यशभारत। जनपद पंचायत रीठी के ग्राम बिलहरी स्थित तपोभूमि गया कुंड परिसर में आयोजित होने वाले मेले में ग्रामीणों एवं दर्शनार्थियों को जरूरी सुविधा उपलब्ध कराने हेतु कलेक्टर अवि प्रसाद के यहां के भ्रमण के बाद कई विकास कार्य शुरू हो गये है। इस क्रम में रविवार को हैंडपंप हेतु बोरिंग का कार्य प्रारंभ करा दिया गया है। कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा दिये निर्देश के बाद यहां मेला ग्राउण्ड गया कुंड के पास 3 लाख 44 हजार रूपए की लागत से सामुदायिक स्वच्छता परिसर निर्माण हेतु प्रशासकीय स्वीकृति भी जारी कर दी गई है। उक्त कार्य की क्रियान्वयन एजेंसी संबंधित ग्राम पंचायत होगी। इस कार्य में होने वाला व्यय स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण 15 वॉ वित्त, मनरेगा मद से विकलनीय होगा, साथ ही इस कार्य में 215 मानव दिवस का रोजगार भी सृजित होगा। बलहरी स्थित गया कुंड में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 5 लाख 50 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति भी जारी कर दी गई है। उक्त कार्य की क्रियान्वयन एजेंसी ग्राम पंचायत होगी तथा 6 माह में कार्य पूर्ण करना होगा। उक्त कार्य बैकवर्ड रीजन ग्रान्ड फन्ड योजना के अंतर्गत कराया जावेगा। विदित हो कि विगत 14 जनवरी को कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा प्राचीन पुष्पावती बिलहरी में मकर संक्रांति के शुभ पर्व से शुरू हुये मेला, स्थल पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया था। श्री प्रसाद ने 14 जनवरी को यहां के प्राचीन और पौराणिक महत्व के गया कुंड पहुंचकर शिव मंदिर में पूजा अर्चना कर हवन किया तथा साधु -संतों और तपस्वियों से भेंट कर बिलहरी का धार्मिक व पुरातात्विक नजरिए से समग्र विकास के स्वरूप पर संतो से सार्थक सुझाव प्राप्त किया था। इस दौरान कलेक्टर श्री प्रसाद ने यहां मेला घूमने आने वाले ग्रामीणों की सुविधा के लिए मेला परिसर में ग्राम पंचायत द्वारा हैंडपंप की व्यवस्था और शौचालय निर्माण कराने समुचित प्रबंध और व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए थे। ग्राम बलहरी के गयाकुंड में बोरिंग के माध्यम से पेयजल की सुविधा सहित सामुदायिक स्वच्छता परिसर एवं सामुदयिक भवन जैसी महत्वपूर्ण सौगात मिलने पर ग्रामवासियों में काफी हर्ष का माहोल व्याप्त है तथा ग्रामवासियों द्वारा कलेक्टर अवि प्रसाद को धन्यवाद ज्ञापित किया गया है

सामुदायिक स्वच्छता परिसर व सामुदायिक भवन निर्माण की प्रशासकीय स्वीकृति जारी

मेरी नन्ही प्यारी गुड़िया

अपनी बेटियों के लिये प्रत्येक मां की
भावनायें शायद यही होती होंगी।
बेटी है पहले हर नारी।
सृष्टि की है शोभा प्यारी।
सबको खुशियां देने वाली
रचती है यह सृष्टि सारी।
खिली धूप सा प्यारा मुखड़ा
देख तुझे मै भूलूं दुखड़ा ।
मेरी नन्ही प्यारी गुड़िया।
तू है मेरे दिल का टुकड़ा ।
बुरी नजर से तुझे बचाऊं ।
करा सुशिक्षित योग्य बनाऊं ।
झांसी की रानी के जैसे
शास्त्र-शस्त्र कौशल सिखलाऊं।
तू मेरे जीवन का धन है ।
सोने जैसा तेरा मन है ।
तुझमे देखूं भारत माता
सेवा के हित पाया तन है ।
दुनिया तुझ पर नाज करेगी ।
सिर पर तेरे ताज रखेगी ।
बेटी पाने दुआ करेंगे
मेरी बिटिया राज करेगी ।
दुर्गा लक्ष्मी तू है काली ।
दर्द सभी का हरने वाली ।
उत्सव बिटिया जन्म मनेगा।
चाहेंगे सब तुझको लाली।
इक दिन ऐसा आयेगा।
जग सारा ही पछतायेगा।
बेटो के बदले बेटी का।
जब राग अलापा जायेगा।

बेटी दिवस पर सभी बेटियों को स्वस्थ्य सुखी जीवन की अनन्त शुभकामनाओं के साथ सादर सविनय समर्पित...

-मीरा भार्गव सुदर्शना

ग्राम पंचायत बरेली में पशु टीकाकरण शिविर एवं चौपाल का आयोजन

कटनी, यशभारत। कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर डॉ डाली दासगुप्ता, पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ प्रभारी पशु चिकित्सालय उमरियापान द्वारा ग्राम पंचायत बरेली विकास खण्ड ढीमरखेडा में टीकाकरण शिविर एवम ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया जिसमे पंचायत के ग्राम बरेली, बार एवम भानपुरा कलां के पशु पालक उपस्थित रहे, उपस्थित पशु पालकों को विभागीय योजनाओं राष्ट्रीय कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम, गोसेवक योजना एवम पशु पालन किसान क्रेडिट कार्ड बनवाने हेतु जानकारी दी गयी, साथ ही ग्राम में राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत 200 पशुओं में एफएम डी टीकाकरण किया गया, चौपाल कार्यक्रम में ग्राम पंचायत बरेली के सरपंच निर्मला जयपाल सिंह, उपसरपंच, सचिव एवम अन्य प्रतिनिधि शामिल हुए जिसमे श्री वीरान पाण्डेय, जयकुमार, जेठूराम, श्री महेंद्र कुमार, जयपाल सिंह, पशु पालक अधिराज यादव, मनोज कुमार, जगदीश सिंह ठाकुर, गोसेवक मनोज चौधरी, राजेश राजपाल उपस्थित रहे, पशु पलकों को कृत्रिम गर्भाधान के फायदे की जानकारी देकर योजना का अधिक से अधिक लाभ प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया गया। इसी तरह रामकुमार सिंह सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी ने ग्राम पटोरी बहोरीबंद, राकेश बहेलिया सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी द्वारा ग्राम भैसवाही विजयराघवगढ़, सौरव पाण्डेय सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी ने ग्राम गाताखेदा कटनी, डॉ रवि कटारिया एवम अतुल भुजिया सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी द्वारा ग्राम आमाड़ी बडवारा एवम डॉ आरती तिवारी, डॉ मनोज उरमलिया, आर के मिश्रा ने ग्राम पंचायत सुगवा में टीकाकरण एवम चौपाल का आयोजन किया गया।

विराट-सचिन-धोनी नहीं, संजय मांजरेकर ने रिचर्ड्स को बताया ऑल टाइम बेस्ट बैट्समैन

नई दिल्ली,एजेंसी। विराट कोहली ने हाल ही में वनडे करियर का 46वां शतक जड़ा और इसके साथ ही वह महान सचिन तेंदुलकर के 49 शतकों के रिकॉर्ड को तोड़ने के और भी करीब पहुंच गए हैं। साथ ही पूरी दुनिया में विराट कोहली 1ह्य सचिन तेंदुलकर पर एक बार फिर बहस छड़ गई है। कुछ कोहली को सर्वश्रेष्ठ मानते हैं तो कुछ सचिन के पक्ष में रहते हैं। इस बारे में जब पूर्व क्रिकेटर और न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में कॉमेंट्री कर रहे संजय मांजरेकर से पूछा गया तो उन्होंने थोड़ा हटकर जवाब दिया। उन्होंने कहा- जब आप आधुनिक युग को देखते हैं तो पिछले 20 साल (लगभग 15 वर्ष) से विराट कोहली टॉप पर हैं। तेंदुलकर को भी सर्वकालिक महान खिलाड़ियों में से एक माना जाता है। मेरी राय में विराट कोहली केवल एकदिवसीय खिलाड़ी हैं। एक और नाम दिमाग में आता है वह एमएस धोनी हैं। लेकिन, सर्वकालिक एकदिवसीय बल्लेबाज कोई भी ऐसा नहीं है जो सर विवियन रिचर्ड्स के करीब पहुंच सके। अब यह थोड़ा पुराने जमाने का लग सकता है। मांजरेकर ने रिचर्ड्स के खेलने के रिकॉर्ड पर जोर दिया और कहा कि उनके और उनके समय के दूसरे खिलाड़ियों के बीच बड़ा अंतर था। उन्होंने कहा- विव रिचर्ड्स ने 70 से 90 के दशक में ऐसे समय में खेला जब सभी टॉप के बल्लेबाजों का औसत लगभग 30 और स्ट्राइक रेट 60 था। विव रिचर्ड्स 70 से 90 के दशक तक, जिसमें विश्व कप का अंतिम शतक भी शामिल है, उनका औसत 47 और स्ट्राइक रेट 90 का था। कोहली वर्तमान में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की घरेलू एकदिवसीय श्रृंखला के लिए भारतीय टीम के साथ हैं। मेजबान ने शनिवार को रायपुर में 2-0 से सीरीज जीतकर सीरीज अपने नाम कर ली। सीरीज का तीसरा वनडे इंदौर के होल्कर स्टेडियम में खेला जाएगा। भारत ने इससे पहले हैदराबाद में 12 रन और रायपुर में 8 विकेट से मुकाबला अपने नाम किया था।

कोर्ट का आदेश, अलग रह रही पत्नी हसीन जहां को हर महीने 50,000 रुपए गुजारा भत्ता दे मोहम्मद शमी

कोलकाता, एजेंसी। क्रिकेटर मोहम्मद शमी और उनकी पत्नी हसीन जहां के बीच कोर्ट केस जारी है। इस बीच, ताजा आदेश में क्रिकेटर को झटका लगा है। कोर्ट ने शमी को आदेश दिया है कि वे अलग रह रही पत्नी को हर महीने गुजारा भत्ते के रूप में 50,000 रुपए का भुगतान करें। कलकत्ता के कोर्ट ने यह आदेश दिया है। हसीन जहां ने चार साल पहले क्रिकेटर पर गंभीर आरोप लगाते हुए केस दायर किया था। अलीपुर कोर्ट की जज अनिंदिता गांगुली के आदेश से हसीन जहां खुश नजर नहीं आईं। माना जा रहा है कि वे इसके खिलाफ हाई कोर्ट में अपील करेंगी।दरअसल, 2018 में हसीन जहां ने 10 लाख रुपए मासिक गुजारा भत्ता की मांग के साथ केस दायर किया था। इस राशि में व्यक्तिगत खर्चों के लिए 7 लाख रुपए और बेटी की परवरिश के लिए 3 लाख रुपए शामिल थे। पढ़िए मोहम्मद शमी पर हसीन जहां से आरोपपूरा विवाद तब शुरू हुआ था जब हसीन जहां ने जादवपुर पुलिस स्टेशन में अपने क्रिकेटर शौहर मोहम्मद शमी पर व्यभिचार और घरेलू शोषण का आरोप लगाते हुए एक आधिकारिक शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के बाद शमी पर घरेलू दुर्व्यवहार और हत्या के प्रयास के गैर-जमानती आरोप लगाए गए।हसीन जहां ने दावा किया कि वो जब भी उत्तर प्रदेश में अपने ससुराल गईं तो क्रिकेटर और उनके परिवार ने प्रताड़ित किया। यह पूछे जाने पर कि क्या शमी के परिवार ने भी उन्हें प्रताड़ित किया, जहां ने कहा, च्आप पड़ोसियों से पूछ सकते हैं कि उन्होंने (शमी के परिवार) मेरे साथ कैसा व्यवहार किया। मैं चुप थी क्योंकि वह दो साल से तलाक मांग रहे थे। वह मुझे प्रताड़ित कर रहे थे, उन्होंने मुझे छोड़ने के लिए हर संभव कोशिश की।ज्पत्नी के आरोप सार्वजनिक होने के बाद साल 2018 में शमी ने एक ट्वीट कर सफाई दी थी। तब क्रिकेटर ने लिखा था कि ये जितना भी न्यूज हमारी पर्सनल लाइफ के बारे में चल रहा है, वो सरासर झूठ है। ये हमारे खिलाफ साजिश है। ये मुझे बदनाम करने या मेरे गेम को खराब करने का प्रयास है।

कुश्ती खिलाड़ियों द्वारा यौन शोषण के आरोपों की जांच के लिए मैरीकॉम की अध्यक्षता में 5 सदस्यों की निगरानी समिति गठित

नई दिल्ली, एजेंसी। अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर कुश्ती खिलाड़ियों द्वारा लगाए गए यौन शोषण के आरोपों की जांच के लिए खेल मंत्रालय ने एक समिति का गठन किया है। खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने सोमवार को इस बात की जानकारी दी। इस पांच सदस्यीय समिति की अध्यक्ष दिग्गज मुक्केबाज मैरी कॉम होंगी। उनके अलावा ओलिंपिक पदक विजेता योगेश्वर दत्त, द्रोणाचार्य अवार्डी तृप्ति मुरगंदे, कैप्टेन राजगोपालन और राधा श्रीमन शामिल हैं। अनुराग ठाकुर ने कहा कि ये समिति अगले एक महीने तक भूषण पर लगे तमाम आरोपों की जांच करेगी और तब तक डब्ल्यूएफआई के दिन प्रतिदिन के कामकाज को देखेगी। जांच चलने तक बृजभूषण सिंह को भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष पद के कामकाज से दूर रहने को कहा गया है।19 जनवरी को बृजभूषण सिंह पर आरोपों को लेकर कई पहलवानों ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर बड़ा धरना प्रदर्शन किया था। अंतरराष्ट्रीय तथा राष्ट्रीय मुकाबलों में मेडल जीत कर देश का नाम ऊंचा करने वाले 30 पहलवानों का बैठना सांसद बृजभूषण शरण सिंह पर भारी पड़ गया। केंद्र सरकार की तरफ से आश्वासन मिलने के बाद ही पहलवानों नेअपना प्रदर्शन खत्म किया था। अब केंद्र सरकार ने एक कमेटी का गठन किया है जो सारे मामले की निष्पक्ष जांच करेगी। भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह ने पद से हटाये जाने के बाद हाईकोर्ट का रुख किया है। वैसे उन्होंने याचिका डालने से इनकार किया है। दरअसल उनके रसोइये ने देश के तमाम बड़े पहलवानों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग को लेकर याचिका दायर की है। इसमें विनेश फोगाट और साक्षी मलिक जैसी कई पहलवानों पर यौन प्रताड़ना के आरोपों के बहाने ब्लैकमेलिंग और जबरन पैसे उगाही का आरोप लगाया गया है। दिल्ली हाईकोर्ट में दायर इस याचिका पर इस हफ्ते सुनवाई हो सकती है। आपको बता दें कि इन पहलवानों ने सिंह पर ड्ढस्न्रढ्ढ में अपनी मनमानी करने और महिला पहलवानों का यौन शोषण करने का आरोप लगाया और उनके इस्तीफे की मांग की है।

आरोपों पर दी सफाई

इससे पहले बृजभूषण शरण ने पहलवानों के लगाए गए सारे आरोपों को बेबुनियाद बताया। अपनी सफाई में उन्होंने ये भी कहा कि ये आरोप, हरियाणा के सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा और सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा की साजिश है। इस पर भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कड़ी आपत्ति जताते हुए चेतावनी दी है कि बृजभूषण मानहानि केस के लिए तैयार हो जाएं।

राजनीति के पुराने खिलाड़ी

आपको बता दें बृजभूषण शरण सिंह उत्तर प्रदेश की बलरामपुर की ?सरगंज लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के सांसद हैं और 6 बार सांसद चुने जा चुके हैं। 31 साल से यूपी की राजनीति में सिक्का जमाने वाले बृजभूषण शरण, भारतीय कुश्ती महासंघ (रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया) के अध्यक्ष हैं।

सिलसिला के दौरान यश चोपड़ा ने दी थी रेखा-जया को हिदायत, बोले थे- मेरे सेट पर गड़बड़ी न करना

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड के दिग्गज निर्माता-निर्देशकों में शुमार रहे दिवंगत यश चोपड़ा ने एक से बढ़कर एक फिल्म बनाई। मगर, फिल्म चसिलसिलाज बनाते वक्त वह काफी डर रहे थे। बता दें कि फिल्म चसिलसिलाज में अमिताभ बच्चन, रेखा और जया बच्चन लीड रोल में नजर आए। दिलचस्प बात यह है कि इस फिल्म के लिए यश चोपड़ा ने इन तीनों को साइन नहीं किया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक अमिताभ बच्चन से बात करने के बाद उनकी सलाह पर यश चोपड़ा ने फिल्म की कास्ट में बदलाव करने की हिम्मत दिखाई थी। इस बात का खुलासा खुद यश चोपड़ा ने एक इंटरव्यू में किया था। चसिलसिलाज 1981 में रिलीज हुई थी। रिलीज होने पर यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप रही। लेकिन, आने वाले समय में इसे क्लासिक और कल्ट फिल्म कहा जाने लगा। फिल्म में च्पति पत्नी और वोज वाला एंगल दिखाया गया। इस फिल्म की कहानी कुछ-कुछ अमिताभ बच्चन,जया और रेखा की असल जिंदगी सरीखी है। फिल्म में रेखा और बिग बी की केमिस्ट्री दर्शकों को खूब पसंद आई। बता दें कि पहले यश चोपड़ा ने अमिताभ बच्चन के अपोजिट स्मिता पाटिल और परवीन बाबी को साइन किया था। हालांकि, उनकी ख्वाहिश थी कि फिल्म में रेखा और जया यह रोल अदा करें। लेकिन उस वक्त हालात अलग थे। इसलिए यश चोपड़ा कुछ कह न सके। बता दें कि चसिलसिलाज्की मेकिंग के वक्त तक अमिताभ बच्चन और जया की शादी हो चुकी थी। शादी से पहले अमिताभ और रेखा का अफेयर चल रहा था। रिपोर्ट्स के मुताबिक शादी के बाद भी रेखा और अमिताभ का सीक्रेट अफेयर चल रहा था, जिसकी खबर जया को लग गई थी और वह नाराज थीं। जया ने अमिताभ बच्चन को सख्त हिदायत दी थी कि वह रेखा के साथ कभी भी काम नहीं करेंगे। अमिताभ और जया की शादी 1973 में हुई थी और चसिलसिलाज 1981 में रिलीज हुई थी। यश जी डरे हुए थे कि चसिलसिलाज अगर वह रेखा-जया के साथ बनाएंगे तो पता नहीं क्या होगा? इसलिए उन्होंने यह विचार त्याग दिया। एक रोज उन्होंने चसिलसिलाज को लेकर अमिताभ से बात की और बताया कि वह फिल्म में रेखा और जया को लेना चाहते हैं। अमिताभ बच्चन कुछ देर तो खामोश रहे। फिर बोले कि वह फैसले पर राजी हैं, लेकिन रेखा और जया को मनाना होगा। यश चोपड़ा को डर था कि असल जिंदगी की कहानी फिल्मी पर्दे पर आने वाली थी। हिम्मत करके यश चोपड़ा ने दोनों एक्ट्रेस से बात की। दोनों ने रजामंदी दे दी। एक इंटरव्यू के दौरान यश चोपड़ा ने कहा था, च्मैंने जया और रेखा दोनों को बता दिया था कि देखो कोई गड़बड़ी ना हो।ज रिपोर्ट्स के मुताबिक, जया बच्चन ने जबरदस्ती इस फिल्म के लिए हामी भरी। जया बच्चन को चसिलसिलाज्की पूरी कहानी में कोई दिलचस्पी नहीं थी। लेकिन फिल्म के क्लाइमैक्स सीन के कारण उन्होंने फिल्म का ऑफर स्वीकार किया। क्लाईमेक्स में पति यानी अमित खन्ना (अमिताभ बच्चन) प्रेमिका को भुला वापस पत्नी के पास लौट आता है।

बायकॉट बॉलीवुड ट्रेंड पर करीना ने दिया बयान, बोलीं-फिल्में नहीं होंगे तो एंटरटेनमेंट कैसे होगा

मुंबई, ईएमएस। बॉलीवुड के लिए पिछला एक साल कुछ खास नहीं रहा है। बायकॉट ट्रेंड के चलते कई सारी फिल्में फ्लॉप साबित हो चुकी हैं। वहीं, अब शाहरुख खान की च्पठानज्को भी बायकॉट करने की मांग की जा रही है। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी कार्यकर्ताओं से फिल्मों के बारे में टिप्पणी करने से बचने के लिए कह चुके हैं। वहीं, अब बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर खान ने भी कोलकाता के इवेंट में बायकॉट बॉलीवुड ट्रेंड को लेकर बात की है। दरअसल, करीना कपूर रविवार को कोलकाता में एक इवेंट में पहुंची थीं। इस दौरान करीना कपूर ने बायकॉट और कैंसिल कल्चर के बढ़ते ट्रेंड पर रिएक्ट करते हुए कहा, च्मैं इससे बिल्कुल भी सहमत नहीं हूं। अगर ऐसे होगा तो हम आपको एंटरटेन कैसे करेंगे, आपकी जिंदगी में खुशी और मजा कैसे आएगा। साथ ही अगर फिल्में नहीं होंगी तो एंटरटेनमेंट कैसे होगा। बता दें कि पिछले साल आई करीना कपूर और आमिर खान की फिल्म च्लाल सिंह चड्ढाज्भी बायकॉट बॉलीवुड ट्रेंड की भेंट चढ़ गई थी। तब भी करीना ने बायकॉट को लेकर बात की थी। करीना ने कहा था, च्यह खूबसूरत फिल्म है और मैं चाहती हूं कि लोग मुझे और आमिर को साथ में देखें। ऐसे में फिल्म को बायकॉट न करें। वहीं, इन दिनों शाहरुख खान की च्पठानज्को भी बायकॉट करने की मांग की जा रही है। फिल्म के गाने च्बेशरम रंगज्के रिलीज होने के बाद से ही दीपिका की भगवा बिकिनी पर सवाल उठाए गए और इसका विरोध शुरू हो गया। ऐसे में फिल्म में बदलाव करने की मांग की जा रही है। वहीं, कई जगह फिल्म के पोस्टर को जलाकर विरोध प्रदर्शन हुआ है। यह फिल्म 25 जनवरी को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है।

खिलाड़ियों के लिए भी खेल का आधारभूत ढांचा मजबूत हो :खेलमंत्री अनुराग ठाकुर

जबलपुर में बनेगा 6 करोड़की लागत से आधुनिक इंडोर स्टेडियम

जबलपुर,यशभारत। स्वामी विवेकानंद जी की जयंती से प्रारम्भ हुए 12 दिवसीय सांसद खेल महोत्सव का समापन नेताजी सुभाषचंद्र बोस जी की जयंती पर केंद्रीय खेल युवा कार्यक्रम एवँ सूचना प्रसारण मंत्री श्री अनुराग ठाकुर के मुख्य आतिथ्य में रानीताल स्टेडियम में हुआ।कार्यक्रम के दौरान सांसद राकेश सिंह के आग्रह पर केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने जबलपुर में आधुनिक इंडोर स्टेडियम बनाये जाने की घोषणा की। उन्होंने इंडोर स्टेडियम बनाये जाने की घोषणा के साथ ही बताया कि इस स्टेडियम में 18 तरह के खेलों का आयोजन किया जा सकेगा और यह स्टेडियम पूरी तरह से आधुनिक होगा। इस इंडोर स्टेडियम की लागत लगभग 6 करोड़रुपये होगी और जो सर्वसुविधायुक्त होगा। सांसद खेल महोत्सव के समापन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय खेल मंत्री श्री अनुराग ठाकुर ने कहा देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी खेलो को बढ़ावा देने के लिये अभूतपूर्व प्रयास कर रहे है क्योंकि हम चाहते हैं कि खिलाड़ियों के लिए भी खेल का आधारभूत ढांचा मजबूत हो। जबलपुर में आयोजित सांसद खेल महोत्सव के आयोजन हेतु श्री राकेश सिंह को बधाई देता हूं कि उन्होंने इस तरह के खेलों का आयोजन किया है जिसमें मुख्य रूप से परंपरागत खेलों का समावेश है और यदि लोग खेलो को समय देंगे तो निश्चित रूप से अस्पतालों में मरीजों की संख्या कम होगी, युवा नशे से दूर होंगे।

खेल महोत्सव ने अगली बार 50 हजार से अधिक खिलाड़ी होंगे शामिल- श्री ठाकुर ने कहा सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत अलग अलग खेलो में 265 टीमों ने भाग लिया जिसमें लगभग 28700 खिलाड़ियों ने इस आयोजन में हिस्सा लिया। मैं सभी खिलाड़ियों का अभिवादन करता हूं और यह दावा करता हूं कि सांसद खेल महोत्सव में अगले वर्ष इन खिलाड़ियों की संख्या लगभग 50 हजार होगी।

खेलो को बढ़ावा देने कार्य कर रही केंद्र सरकार-श्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि जब 2014 देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी बने थे तब खेलों का बजट 866 करोड़ रुपए का था और आज खेलों का बजट 2000 करोड़ रूपए से ज्यादा का हो गया है और आज हम पूरे देश में 2397 करोड़ रुपए के स्टेडियम पूरे देश में खिलाड़ियों के लिए बनवा रहे हैं और देश भर में खेलों इंडिया सेंटर विकसित कर रहे हैं और 15 अगस्त 2023 तक देश में एक हजार खेलो इंडिया सेंटर विकसित हो जायेंगे, जो देश के प्रसिद्ध खिलाड़ियों के द्वारा चलाए जाएंगे और हमने खिलाड़ियों को विकसित करने टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम च्टॉप्सज्ज चलाई है जिसमें मेडल के पोडियम तक खिलाड़ियों को पहुंचने का काम मीराबाई चानू, नीरज चोपड़ा जैसे अनेकों खिलाड़ियों के द्वारा खिलाड़ियों को प्रशिक्षित किया जाएगा अब खिलाड़ी अपना प्रशिक्षण, कोचिंग देकर अपना रोजगार चलाएंगे और अनेक खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय बनाने का काम करेंगे और देश में जैसे पीटी ऊषा की, गोपीचंद की या अन्य किसी खिलाड़ी की एकेडमी चलती है या साई की एकेडमी चलती है तो ऐसे लगभग 3000 खिलाड़ियों के लिए लगभग 6 लाख 23 हजार सालाना प्रति खिलाड़ी हम खर्च कर रहे है और 1 लाख 20 हजार रुपए हम उनका जेब खर्च भी देते हैं ताकि देश में खिलाड़ियों का भरपूर विकास हो सके।

खेलो इंडिया अभियान में मप्र की अहम भूमिका- अनुराग ठाकुर ने कहा कि देश में अब खेल के क्षेत्र में मध्यप्रदेश की भी अहम भूमिका है क्योंकि खेलो इंडिया अभियान के अंतर्गत दो तरह के गेम होते हैं खेलो इंडिया यूथ गेम्स और खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स और जिसमें मप्र को खेलो इंडिया यूथ गेम्स की जिम्मेदारी है जिसमें देश भर के खिलाड़ी आयेंगे।

खेलो में बढे महिलाओं की भागीदारी- खेलो ने महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए हमने खेलो इंडिया वूमेन लीक की शुरुआत की है जिसमे 23 हजार महिलाओं और लड़कियों ने भागीदारी की है।

मलखंब राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर का खेल बने- श्री अनुराग ठाकुर ने कहा जिस तरह सांसद राकेश सिंह ने खेल महोत्सव में ट्रडिशनल गेम्स को शामिल किया है उसी तरह हमने भी खेलो इंडिया यूथ गेम्स में पांच ट्रेडीशनल गेम्स को शामिल किया है जिनमे योगासन, करारे पट्टू, टमटा, गटका और मलखंब प्रमुख है और हमारी कोशिश है कि मलखंब जैसा पुरातन खेल केवल किसी क्षेत्र तक सीमित न होकर राष्ट्रीय एवँ अंतरराष्ट्रीय स्तर का खेल बने।

प्रधानमंत्री जी के संकल्प को पूरा करने सांसद खेल महोत्सव का हुआ आयोजन- सांसद श्री राकेश सिंह ने अपने संबोधन में बताया कि सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत यह आयोजन 12 जनवरी स्वामी विवेकानन्द जयंती से प्रारंभ है और आज नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती पर समापन हो रहा है जिसमें अलग अलग तरह के खेल हमने शामिल किए थे जैसे क्रिकेट, कुश्ती, कबड्डी, खो खो, हॉकी, फुटबॉल, बास्केटबॉल, मलखंब, तीरंदाजी, और कुछ सामूहिक प्रदर्शन सूर्य नमस्कार, साइकिलिंग, मैराथन, पतंगबाजी आयोजित किए थे साथ ही परंपरागत खेल पिट्ठुक, भौरा, लाठी, गुलेल, कुर्सीदौड़, गिल्ली डंडा, कंचा, चीटी धप्प, रस्सी कूद का आयोजन किया गया था। जिसमें सभी प्रकार के खेलों में ग्राम पंचायतों और वार्डों से लेकर जिला स्तर तक कुल 265 टीमों और 28715 खिलाड़ियों ने भाग लिया है। जो अपने आप में प्रसन्नता का विषय है । खेल मंत्री ने बल्ला थामा केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने कार्यक्रम के बाद रानीताल स्टेडियम के मैदान पर पहुँचकर क्रिकेट खेला और बल्लेबाजी करते हुए बड़े शॉट लगाए। इस दौरान सांसद राकेश सिंह ने गेंदबाजी की। खेल मंत्री श्री ठाकुर ने परंपरागत खेलो का आंनद भी लिया। इस दौरान उन्होंने रस्सी कूदने के साथ ही गुलेल, कंचा, चीटी धप्प, भौरा, गिल्ली डंडा को भी खेला और उपस्थित जनो का उत्साहवर्धन भी किया।

व्यक्तिगत एवँ सामूहिक खेलो के विजेता एवँ उपविजेता खिलाड़ियों को किया पुरुस्कृत - केंद्रीय खेल मंत्री श्री अनुराग ठाकुर, सांसद श्री राकेश सिंह सहित सभी अतिथियों ने सांसद खेल महोत्सव के दौरान जिला स्तर में सभी खेलो में विजेता एवँ उपविजेता टीम के साथ ही व्यक्तिगत इवेंट के खिलाड़ियों को ट्राफी, मैडल और प्रमाण पत्र देकर पुरुस्कृत किया। इस दौरान मंडल, विधानसभा स्तर में विजयी खिलाड़ियों को भी पुरूस्कार दिया गया। इस दौरान मप्र ओलंपिक संघ के सचिव दिग्विजय सिंह, क्रीड़ा भारती के क्षेत्र संयोजक भीष्म सिंह राजपूत, विधायक अशोक रोहाणी, सुशील तिवारी इंदु, नंदनी मरावी, मप्र जनअभियान के उपाध्यक्ष डॉ जितेंद्र जामदार, प्रदेश मंत्री आशीष दुबे, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, नगर अध्यक्ष जीएस ठाकुर, ग्रामीण अध्यक्ष रानू तिवारी, जिप अध्यक्ष संतोष बरक?, पूर्व विधायक शरद जैन, अंचल सोनकर, हरेन्द्रजीत सिंह बब्बू, नरेंद्र त्रिपाठी, प्रतिभा सिंह, पूर्व महापौर सदानंद गोडबोले, स्वाति गोडबोले, शरद अग्रवाल, एसके मुद्दीन, अभिलाष पांडे, पंकज दुबे, रत्नेश सोनकर, रजनीश यादव आदि मंचासीन थे। कार्यक्रम ने ब?ी संख्या में खिला?ी, पार्टी कार्यकर्ता एवँ नागरिक उपस्थित थे।

क्रिकेट मैच के फाइनल मैच में पनागर विधानसभा की टीम विजयी- सांसद खेल महोत्सव अंतर्गत आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच पनागर एवँ कैंट विधानसभा के बीच खेला गया। टेनिस बॉल से खेले गए 10-10 ओवर के मैच में पनागर विधानसभा ने शानदार जीत दर्ज की। पनागर विधानसभा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 96 रन बनाए जबाब में कैंट विधानसभा की टीम 10 ओवर में रन ही बना सकी। पनागर विधानसभा की टीम 6 रन से विजयी रही।

सांसद ने किया खेलो इंडिया टॉर्च का स्वागत ,नगर भ्रमण के लिए निकली

जबलपुर, यशभारत। खेलो इंडिया यूथ गेम्स जो कि मध्य प्रदेश में 30 जनवरी से 11 फरवरी तक मध्य प्रदेश के 8 शहरों में संपन्न होंगे जिसमें कि 4 खेल जबलपुर में होंगे इसकी टॉर्च जिसका नाम की अमरकंटक स्मार्ट टॉर्च है जो कि पूरे प्रदेश में खेल के प्रति जनमानस के हेतु जागरण भ्रमण कर रही है वह आज सुभाष चंद्र बोस चौराहा मेडिकल कॉलेज के पास जबलपुर के लोकप्रिय सांसद राकेश सिंह ी द्वारा उसका स्वागत करके प्राप्त किया इस मौके पर मध्य प्रदेश ओलंपिक संघ के सचिव दिग्विजय सिंह एवं पंकज दुबे महामंत्री भाजपा, योगेंद्र सिंह अध्यक्ष युवा मोर्चा एवं सोनू वाचवानी एवं जिला खेल अधिकारी आशीष पांडे सहित अन्य खेलों के प्रशिक्षण एवं खिलाड़ी उपस्थित थे यह टॉर्च कल सुबह 9:30 बजे रानीताल स्टेडियम से नगर भ्रमण के लिए निकली।

कटनी सिंगरौली रेलखंड पर जल्द पूरा होगा डबल ट्रैक

खन्नाबंजारी से महरोई के बीच 12 किमी दोहरीकरण का सेफ्टी कमिश्नर ने किया निरीक्षण

कटनी, यशभारत। कटनी सिंगरौली रेलखंड पर जल्द ही डबल ट्रेक का काम पूरा हो जाएगा। जानकारी के मुताबिक डबल ट्रैक का काम कर रही कंपनी को 2024 तक इसे पूरा करना है। पश्चिम मध्य रेल जोन जबलपुर द्वारा भी इस प्रोजेक्ट को जल्द से जल्द पूरा कराने का प्रयास किया जा रहा है। दोहरीकरण होने के बाद इस रूट पर यात्री ट्रेनों को आउटर पर नहीं रोकना पड़ेगा और यात्रियों को परेशानियों से मुक्ति मिलेगी। इसके अलावा ट्रेनों की रफ्तार भी बढ़ेगी। कटनी-सिंगरौली रेल खंड के दोहरीकरण कार्य की कुल लंबाई 257 किमी है,, जिसके निर्माण की लागत 1763 करोड़ रूपये है। इस काम को इरकॉन कंपनी द्वारा किया जा रहा है।

औद्योगिक क्षेत्रों से जुड़ी रेल लाइन परियोजनाओं को पश्चिम मध्य रेल अधोसरंचना निर्माण कार्य को गति प्रदान कर रहा है। पश्चिम मध्य रेल जबलपुर मंडल के कटनी-सिंगरौली रेलखंड पर खन्नाबंजारी से महरोई स्टेशन के मध्य लगभग 12 किलोमीटर दोहरीकरण रेल लाइन कार्य का विगत 23 जनवरी को रेल संरक्षा आयुक्त, मध्य वृत मुंबई मनोज अरोरा द्वारा निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर मुख्यालय से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी निर्माण एवं मंडल के मंडल रेल प्रबंधक और इंजीनियरिंग, परिचालन, इलेक्ट्रिकल, सिग्नल एवं दूरसंचार विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कटनी सिंगरौली रेल खंड पर इरकॉन के समस्त फील्ड अधिकारी भी उपस्थित रहे।

कटनी सिंगरौली रेल लाइन दोहरीकरण

1. 257 किलोमीटर है रेलखंड की कुल लम्बाई।
2. 1763 करोड़ रुपए है योजना की लागत।

रेलवे सेफ्टी कमिश्नर ने किया स्पीड ट्रायल

निरीक्षण के दौरान रेल संरक्षा आयुक्त ने इस रेलखंड पर संरक्षा एवं सुरक्षा से जुड़े ट्रैक, ब्रिजों, स्टेशनों, संसाधनों, ओएचई लाइन, सम्बद्ध उपकरण तथा सिगनलिंग आदि का निरीक्षण किया और उनके कार्य क्षमता को परखा। इस रेलखण्डों पर सभी प्रकार के रेलवे मापदंडों के अनुसार निर्माण कार्य किया गया है। खन्नाबंजारी से महरोई स्टेशन रेलखण्ड पर 2 रेलवे स्टेशनों खन्नाबंजारी एवं महरोई स्टेशनों का भी संरक्षा की दृष्टि से निरीक्षण किया, साथ ही खन्नाबंजारी से महरोई स्टेशन के मध्य रेलखण्ड पर मेजर ब्रिज और छोटे ब्रिज का निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया। रेल संरक्षा आयुक्त द्वारा निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को देखा साथ ही स्पीड ट्रायल भी किया गया।

ट्रेनों का परिचालन होगा सुगम, बढ़ेगी रफ्तार

इस रेलखण्ड के कमीशन होते ही गाड़ियों का परिचालन सुगम हो जाएगा। दोहरीकरण होने से रेलगाड़ियों की रफ्तार बढ़ेगी और इस क्षेत्र का आर्थिक विकास भी होगा। खन्नाबंजारी से महरोई रेलखण्डों का दोहरीकरण हो जाने से गाड़ियों की गति बढ़ेगी और मालगाड़ियों के परिचालन में भी सुगमता आएगी।

खबर छपते ही माध्यमिक शाला बरही में पकने लगा भोजन, कई दिनों से था बंद

माध्यमिक शाला बरही में मन्ध्यान्ह भोजन बंद

25 दिसंबर से नहीं मिल रहा मध्यान्ह भोजन

कटनी/बरही, यशभारत। शासकीय माध्यमिक शाला बरही में मन्ध्यान्ह भोजन बंद शीर्षक की खबर यशभारत के 21 जनवरी के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित की गई थी, जिसके बाद हरकत में आए जिम्मेदारों ने रविवार 22 जनवरी को स्व सहायता समूह को भोजन पकाने निर्देशित किया। 23 जनवरी सोमवार की सुबह स्कूल खुलते ही स्कूल की रसोई में भोजन पकने लगा। गौरतलब है कि विगत 25 दिसंबर 2022 के बाद स्कूल में मन्ध्यान्ह भोजन नही पक रहा था। मन्ध्यान्ह भोजन पकने से छात्रों ने मीडिया का आभार व्यक्त करते हुए स्वादिष्ट, रुचिकर व मीनू के आधार पर मन्ध्यान्ह भोजन बनवाने का आग्रह प्रशासन से अब कर रहे है। यशभारत की खबर के बाद शासकीय बालक माध्यमिक शाला बरही के 109 छात्रों को सोमवार से मध्यान्ह भोजन की सुविधा मिली। मध्यान्ह भोजन मिलने से छात्रों के चेहरे खिल गए।

यश भारत
खबर का असर

कटनी, यशभारत। एनकेजे थाना क्षेत्र के अंतर्गत रोशननगर में एक युवती द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने के मामले में परिजनों ने मंगेतर पर प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन से कार्यवाही की मांग की है। इस मामले में एनकेजे पुलिस पर भी आरोप लगाया गया है कि पुलिस ने युवती की मौत के बाद साक्ष्य उपलब्ध कराने पर भी एफआईआर दर्ज नहीं की।

मंगेतर की ब्लैकमेलिंग से तंग आकर की थी आत्महत्या

डेढ़ साल पहले तय हुई थी शादी, युवती के बालिग होने का इंतजार कर रहे थे परिजन

परिजनों ने एसपी से की शिकायत, एनकेजे थाना के रोशननगर का मामला

परिजनों का आरोप है कि मानसी ने मंगेतर द्वारा की जा रही ब्लैकमेलिंग व प्रताड़ना से तंग आकर आत्महत्या की है। एसपी को दी शिकायत में मृतिका की मां कलावती कोरी व भाई अमित ने आरोप लगाया है कि मानसी का विवाह करीब डेढ़ साल पहले आदर्श कोरी पिता बिन्दु कोरी निवासी ग्राम धरमंगल पुरवा सुल्तानपुर थाना पुरवार जिला सुल्तानपुर उत्तरप्रदेश के साथ तय हुआ लेकिन मानसी के नाबलिग होने के कारण वे बालिग होने का इंतजार कर रहे थे। विवाह तय हो जाने के बाद मानसी व आदर्श के बीच फोन पर बातचीत होती थी। इसी का फायदा उठाकर आदर्श ने मानसी के कुछ फोटो व वीडियो मंगवा लिए और उनके आधार पर उसे ब्लैकमेल करने लगा। दहेज में लाखों रुपए की मांग करने लगा और मांग पूरी नहीं होने पर शादी तोड़ने की धमकी देने लगा, जिसके कारण तंग आकर मानसी कोरी ने विगत 29 दिसंबर 2022 की रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शिकायत में यह भी कहा गया है कि आदर्श ने मानसी के भाई अमित को फोन कर यह भी बताया कि था वह आत्महत्या कर रही है, बचा सको तो बचा लो। परिजनों ने इस मामले में एनकेजे पुलिस पर एफआईआर दर्ज नहीं करने का आरोप लगाया है। इस मामले में एनकेजे थाना प्रभारी सिद्धार्थ राय का कहना है कि फांसी लगाकर आत्महत्या करने के मामले में मर्ग कायम कर जांच में लिया गया है। साक्ष्यों के आधार पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

टेंट कारोबारी से मारपीट के बाद पुलिसकर्मी लाइन अटैच

रविवार की रात खिरहनी पुलिस चौकी के सामने हुआ था विवाद

कटनी, यशभारत। कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत खिरहनी पुलिस चौकी में रविवार की रात दो पुलिसकर्मियों ने एक टेंट कारोबारी के साथ मारपीट की। इस घटना को लेकर बड़ी संख्या में टेंट कारोबारियों एवं परिजन एकत्रित हो गए और आरक्षकों पर नशे में धुत होने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। मौके पर टीआई ने शिकायत लेकर घायलों का मुलाहजा कराया। सोमवार को टेंट व्यवसाइयों ने कोतवाली थाने पहुंचकर पुलिस की मनमानी के खिलाफ सीएसपी विजयप्रताप सिंह को ज्ञापन सौंपा। प्रधान आरक्षक व आरक्षक द्वारा की गई युवक की पिटाई व उसके पिता के साथ अभद्रता पर पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन ने दोनों पुलिसकर्मियों को लाइन अटैच कर दिया है। इस संबंध में जानकारी के अनुसार रविवार की रात करीब 10 बजे कुछ युवक पुलिस चौकी के सामने बैठे थे, तभी चौकी में पदस्थ प्रधान आरक्षक पवन सिंह व आरक्षक राकेश सिंह ने रोका और पूछताछ की। अनावश्यक वहां पर न खड़े होने कहा। इस दौरान टेंट कारोबारी विनोद जायसवाल वहां पहुंच गया तो आरक्षक और प्रधान आरक्षक का विवाद हो गया। कहासुनी के बाद शुरू हुआ विवाद बढ़ता देख स्थानीय लोगों ने समझाइश देकर शांत कराया। इसके बाद दोनों पुलिस कर्मी विनोद जायसवाल की दुकान पहुंचे और उसे चौकी ले आए व मारपीट की। इसको लेकर परिजन व कारोबारी भड़क उठे। सूचना मिलते ही टीआई अजय सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। मामले की जानकारी लेकर समझाइश दी। विनोद जायसवाल से आवेदन लेकर रात में मुलाहजा कराया। मामले में प्रथम दृष्टया प्रधान आरक्षक पवन सिंह व आरक्षक राकेश सिंह की लापरवाही पाते हुए एसपी सुनील कुमार जैन ने लाइन अटैच करते हुए मामले की जांच के निर्देश दिए हैं। इसी तरह एक अन्य मामले में यातायात पुलिस में पदस्थ दीपक सिंह पर अधिवक्ता राज दुबे ने अभद्रता कर मारपीट करने का आरोप लगाया है। इस मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक से की गई है। इस मामले में भी एसपी ने आरक्षक को वहां से हटाते हुए मामले की जांच के निर्देश दिए।

रीठी तहसीलदार से कार्यालय में अभद्रता, मामला दर्ज

कटनी/रीठी, यशभारत। तहसील कार्यालय रीठी में घुसकर प्रभारी तहसीलदार राजेश कौशिक के साथ एक युवक ने गाली गलौज करते हुए अभद्रता की है। इतना ही नहीं कार्यालय में तोड़फोड़ भी कर दी है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज करते हुए गिरफ्तार किया है। रीठी थाना प्रभारी निरीक्षक पूजा मिश्रा ने बताया कि प्रभारी तहसीलदार नायब तहसीलदार राजेश कौशिक सोमवार को कार्यालय में काम कर रहे थे। दोपहर में बड़गांव हीरापुर निवासी जागेश्वर पटेल पहुंचा और चिल्लाते हुए कहा कि आपने अभी तक मेरा काम क्यों नहीं किया और गाली गलौज करते हुए अभद्र व्यवहार करने लगा। नायब तहसीलदार ने गाली गलौज करने से मना किया तो जागेश्वर और भड़कने लगा और कार्यालय में तोड़फोड़ शुरू कर दी। आरोपी ने टेबिल आदि में तोड़फोड़ कर दी। हल्ला सुनकर कर्मचारी पहुंचे और उसे बाहर किया। नायब तहसीलदार राजेश कौशिश ने मामले की शिकायत रीठी थाने में की।

मझगवां में चित्रकूट, जैतवारा में सारनाथ एवं झुकेही में रूकेगी इंटरसिटी एक्सप्रेस

कटनी, यशभारत। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेल मंत्रालय ने चार जोड़ी रेलगाड़ियों का मझगवां, जैतवार, उंचेहरा एवं झुकेही स्टेशनों पर प्रायोगिक तौर पर दोनों दिशाओं में 6 महीने के लिए ठहराव देने का निर्णय लिया है। जानकारी के मुताबिक पश्चिम मध्य रेल से प्रारम्भ एवं टर्मिनेट वाली चार जोड़ी ट्रेनों में लखनऊ जबलपुर चित्रकूट एक्सप्रेस, छपरा दुर्ग सारनाथ एक्सप्रेस, बिलासपुर रीवा एक्सप्रेस ट्रेनों को मझगवां, जैतवार, उंचेहरा स्टेशनों पर दो मिनट और जबलपुर रीवा इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन को झुकेही स्टेशन पर एक मिनट का ठहराव दिया जा रहा है। बताया जाता है कि 21 जनवरी से गाड़ी संख्या 15205 लखनऊ जबलपुर चित्रकूट एक्सप्रेस का मझगवां स्टेशन पर 01:13 बजे आगमन एवं 01:15 बजे प्रस्थान, गाड़ी संख्या 15206 जबलपुर लखनऊ चित्रकूट एक्सप्रेस का मझगवां स्टेशन पर 00:23 बजे आगमन एवं 00:25 प्रस्थान बजे रहेगा। इसी तरह 21 जनवरी से गाड़ी संख्या 15159 छपरा दुर्ग सारनाथ एक्सप्रेस का जैतवार स्टेशन पर आगमन, प्रस्थान समय 18:23-18:25 बजे तथा वापसी में गाड़ी संख्या 15160 दुर्ग छपरा सारनाथ एक्सप्रेस का जैतवार स्टेशन पर गाड़ी संख्या 15160 दुर्ग छपरा सारनाथ एक्सप्रेस का जैतवारा स्टेशन पर आगमन, प्रस्थान समय 08:23, 08:25 बजे रहेगा। 22 जनवरी से गाड़ी संख्या 18247 बिलासपुर रीवा एक्सप्रेस का उंचेहरा स्टेशन पर आगमन, प्रस्थान समय 03:43-03:45 बजे तथा वापसी में गाड़ी संख्या 18248 रीवा-बिलासपुर एक्सप्रेस का उंचेहरा स्टेशन पर आगमन, प्रस्थान समय 23:33-23:35 बजे रहेगा। इसी तरह 22 जनवरी से गाड़ी संख्या 22189 जबलपुर रीवा इंटरसिटी एक्सप्रेस का झुकेही स्टेशन पर आगमन, प्रस्थान समय 18:34, 18:35 बजे तथा वापसी में गाड़ी संख्या 22190 रीवा जबलपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस का झुकेही स्टेशन पर आगमन-प्रस्थान समय 07:59-08:00 बजे रहेगा।

यात्रियों की मांग पर रेलवे ने 6 महीने के लिए दिया स्टापेज

गुम इंसान

अशोक पिता विजय गड़ारी उम्र 20 साल निवासी थाना रीठी 12 अगस्त 2022 से लापता है। पिता विजय गड़ारी ने सूचना दी कि इसका छोटा लड़का अशोक गड़ारी, जो आंधप्रदेश में काम करता है, वह 12 अगस्त 2022 से लापता है। हुलिया : रंग गोरा, चेहरा गोल, इकहरा बदन, लंबाई 5.5 फुट, काले रंगे की टीशर्ट तथा नीले रंग का जींस तथा पैरो में हल्के नीले लाल रंग का जूता पहने है। घर से एक जोड़ी कपड़े साथ लेकर गया था तथा साथ ही फोन नंबर 7828633357 रखा है। जिस किसी को मिले, रीठी थाने के मोबाइल नंबर 9479994299, 9926983885 एवं पुलिस कन्ट्रोल रूम कटनी के मोबाइल नंबर 7587615946 पर सूचना देवें।
थाना रीठी जिला जिला कटनी

प्लाट बिकाऊ हैं

शांतिनगर, बारह बंगला, राय कॉलोनी एवं समदड़िया सिटी के पास हर साइज के प्लाट उपलब्ध हैं।

दर- 1000/- से 1200/- प्रति वर्गफुट

अधिक जानकारी हेतु संपर्क करें - मो. 9993705740

JOB OPENING
Requirement/Skills
1. Tally Prime, 2. Micro-soft exel, Word
3. Communication Skills
The Dinesh Goods Transport Co.
Address- Near Ajay Dall Mill Madhavnagar gate Acc Post Katni M.P.
Contact- Ayush Jain
Mo. 8989020207

आवश्यकता है

शेपर ऑपरेटर	-1
लेथ मशीन ऑपरेटर	-1
अनुभव	-2 से 5 वर्ष

अनुभवी को प्राथमिकता

संपर्क:- मो. 9300904254

सभी प्रकार के रेडीमेड प्रीकास्ट वॉल हमारे यहां उचित रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान

बजाज इंडस्ट्रीज

पता- इंडस्ट्रीयल एरिया प्लाट नं. 142 कटायेघाट, कटनी
मो. 8889696888

JOHNSON
Not just tiles, Lifestyles.

सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान

समर्थ मार्बल एण्ड ग्रेनाईट

पता- जॉकी शोरूम के पास में कटनी-जबलपुर रोड, बरगवां, मो. 9425153498, 7067666668

SHRI HOSPITAL KATNI

विश्वसनीय आईसीयू केयर, जनरल दूरबीन एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन, फिजीशियन, प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ

सुपर स्पेशलिस्ट विशेषज्ञ द्वारा दांतों के सभी प्रकार के इलाज की सुविधा उपलब्ध है।

डॉ. शोभित प्यासी
बी.डी.एस./एम.डी.एस.
रूट कैनाल विशेषज्ञ

डॉ. उपासना स्थापक
बी.डी.एस./एम.डी.एस.
पाइरिया एवं इम्पलांट विशेषज्ञ

संपर्क करें- श्री हॉस्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड बरगवां, कटनी
9425325316, 9425151543, 9752414316

वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ
डॉ. अशोक चौदहा
एम.बी.बी.एस.डी.सी.एच.

क्लीनिक- राष्ट्रीय स्कूल के पास, घंटाघर रोड, कटनी
मरीज देखने का समय- 10.30 से 3 बजे तक

निवास- डन कॉलोनी बरगवां, कटनी
मरीज देखने का समय सुबह 9 बजे से 10 बजे तक
सायं 6.30 से रात्रि 8 बजे तक
मो. 9893723087, 8319994375

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन :- 230033

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333
डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)